www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 92.955g
चांदी 91.500 kg

2 भाषा पर विभाजनकारी राजनीति, राजकीय भाषा हिंदी का विरोध गलत
किसानों की फसल को लगी आग 04

वर्ष :08 | अंक :287 | मुंबई ,बुधवार , 09 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### 17 साल बाद सजा का ऐलान, 71 लोगों ने गंवाई थी जान, जयपुर ब्लास्ट के सभी 4 दोषियों को आजीवन कारावास

2008 के जयपुर बम विस्फोट मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने सभी चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। चारों आतंकियों- सरवर आजमी, सैफुर रहमान, मोहम्मद सैफ और शाहबाज अहमद को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इससे पहले 4 अप्रैल को बम विस्फोट मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी ने फैसला सुनाते हुए आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ (निषेध) अधिनियम और आईपीसी की धाराओं के तहत दोषी करार दिया था। जयपुर ब्लास्ट मामले में 17 साल बाद फैसला आया है। 13 मई 2008 को जयपुर शहर में 15 मिनट के अंदर सात जगहों पर नौ बम धमाके हुए थे। चार आरोपियों शाहबाज हुसैन, सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ और सैफुर्रहमान पर लाइव बम मामले में फैसला सुनाया गया है। इनमें से दो आरोपी सैफ-उर-रहमान और मोहम्मद सैफ पहले से ही जयपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं, जबकि मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद जमानत पर बाहर हैं।

### केदारनाथ हेलीकॉप्टर सर्विस की हुई शुरूआत

केदारनाथ यात्रा में हर साल लाखों श्रद्धालुओं जाते हैं और भगवान शिव के केदार स्वरूप का दर्शन करते है। गढ़वाल हिमालय पर्वतमाला में स्थित केदारनाथ मंदिर चार धाम तीर्थ स्थलों में से एक है, जिसकी महिमा बेहद अधिक मानी गई है। इस यात्रा को आसान और सुलभ बनाने के लिए हेलीकॉप्टर सर्विस भी उपलब्ध कराई जाती है। इस वर्ष हेलीकॉप्टर सर्विस 2 मई से 31 मई, 2025 के बीच चलाई जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग की शुरूआत आठ अप्रैल से हो गई है। हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए टिकट केवल आईआरसीटीसी की हेलीयात्रा की ऑफिशियल वेबसाइट से ही बुक किए जा सकते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हेलीकॉप्टर सेवाओं की बुकिंग से पहले पर्यटकों को उत्तराखंड पर्यटन सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर केदारनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण करना होगा।

## कांग्रेस का 84वां अधिवेशन राहुल गांधी बोले- हम दलित, मुस्लिम-ब्राह्मण में उलझे रहे, ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया

**▸▸ गांधी-नेहरू-पटेल पर केंद्रित रही कांग्रेस कार्यसमिति की पहले दिन की बैठक, 158 सदस्य रहे मौजूद**

**अधिवेशन**
जयराम रमेश ने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में एक विशेष प्रस्ताव पर चर्चा की गई और उसे पारित किया गया। इसके अलावा जिन दो अन्य प्रस्तावों पर चर्चा होगी, वे हैं - पहला, राष्ट्रीय मुद्दों पर और गुजरात की राजनीतिक स्थिति पर, उस प्रस्ताव पर कल चर्चा होगी।

एजेंसी

अहमदाबाद। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल ने यह भी कहा- हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है। मुद्दे उठाते रहना है। भाजपा जानबूझकर नेहरू-पटेल को एक-दूसरे का विरोधी बताती है उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सुनियोजित साजिश की जा



### खड़गे बोले- भाजपा-संघ के लोग गांधीजी का चश्मा-छड़ी चुरा सकते हैं, उनके आदर्श नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ। खड़गे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं। लेकिन वे कभी भी उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते। खड़गे अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोल रहे थे।

रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है, जिसका पिछले 140 वर्षों से देश की सेवा और लड़ाई का गौरवशाली इतिहास

> आरएसएस ने गांधी, नेहरू, अंबेडकर के पुतले जलाए खड़गे ने याद दिलाया कि अंबेडकर ने खुद 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी के समर्थन के बिना संविधान नहीं बनाया जा सकता था। लेकिन जब संविधान बना तो फरर ने गांधी जी, पंडित नेहरू, डॉ अंबेडकर और कांग्रेस की खूब आलोचना की। उन्होंने रामलीला मैदान में संविधान और इन नेताओं के पुतले जलाए। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान मनुवादी आदर्शों से प्रेरित नहीं है। मोदी सरकार ने गांधी-अंबेडकर का अपमान किया उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने संसद परिसर से उनकी भव्य मूर्तियों को हटाकर और उन्हें एक कोने में रखकर गांधी और बाबा साहेब का अपमान किया है।

है। उन्होंने भाजपा-फरर पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान के रूप में दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने यह दिखाने की साजिश की कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच ऐसा रिश्ता था कि दोनों नायक एक-दूसरे के खिलाफ थे। सच्चाई यह है कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू थे। पटेल और नेहरू के किस्से सुनाए खड़गे ने कहा- कई घटनाएं और दस्तावेज पटेल और नेहरू के सौहार्दपूर्ण संबंधों के गवाह हैं।

## पुर्तगाल की धरती पर भारत का बजा डंका

### सिटी की ऑफ ऑनर से सम्मानित हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**मेयर ने पीएम मोदी के शब्दों को किया याद**
इससे पहले अपने भाषण में मेयर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों को याद किया, जिन्होंने जी-20 के दौरान उपनिषदों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) के सिद्धांत का हवाला दिया था। उन्होंने कहा, यह वाक्य सब कुछ बयां कर देता है। हमें सामाजिक विभाजन, हम बनाम वे, को नकारना चाहिए। पुर्तगाल में भारतीय समुदाय की संख्या लगभग 1,25,000 है, जिसमें 35,000 से अधिक भारतीय नागरिक और 90,000 भारतीय मूल के लोग शामिल हैं। इनमें से अधिकांश की जड़ें गुजरात और गोवा में हैं। पुर्तगाल की जनसंख्या लगभग एक करोड़ है।



एजेंसी

नई दिल्ली। पुर्तगाल की यात्रा पर गयी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का सिटी की ऑफ ऑनर सम्मान प्रदान किया है। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मु को लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल बदलाव के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने पुर्तगाल के राष्ट्रपति मासेलो रेबेलो डी सूसा द्वारा पलासियो दा अजुडा में उनके सम्मान में आयोजित भोज में भाग लिया। राष्ट्रपति ने अपने भोज भाषण में कहा, हमारे लोगों के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं और इन संबंधों ने हमारी सामूहिक कल्पना पर अमिट छाप छोड़ी है। इनमें हमारा साझा अतीत शामिल है जो वास्तुकला, ऐतिहासिक स्थलों और भाषाओं के साथ-साथ हमारे व्यंजनों में भी झलकता है। यह वर्ष विशेष महत्व रखता है क्योंकि हम भारत-पुर्तगाल द्विपक्षीय संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

> ▸▸ किसी भारतीय राष्ट्रपति का 27 साल बाद पुर्तगाल और 29 साल बाद स्लोवाकिया का दौरा है। राष्ट्रपति मुर्मू का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण आर्थिक परिवर्तन हो रहे हैं, जिसमें हाल ही में अमेरिका द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य को नया स्वरूप दिया है तथा यूरोप के साथ भारत की भागीदारी बढ़ रही है।
> फरवरी में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और अन्य प्रतिनिधियों ने भारत का दौरा किया

## तमिलनाडु के 10 बिल रोकने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### राज्यपाल के फैसले को बताया अवैध, कहा- आप संविधान से चलें, पार्टियों की मर्जी से नहीं

> राज्यपाल को एक दोस्त, दार्शनिक और राह दिखाने वाले की तरह होना चाहिए। आप संविधान की शपथ लेते हैं। आपको किसी राजनीतिक दल की तरफ से संचालित नहीं होना चाहिए। आपको उत्प्रेरक बनना चाहिए, अवरोधक नहीं। राज्यपाल को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई बाधा पैदा न हो। सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को रोककर रखा है।



एजेंसी

नई दिल्ली , तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध बताया है। कोर्ट ने कहा कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि राज्यपाल द्वारा इन 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध और मनमाना है। यह कार्रवाई रद्द की जाती है। राज्यपाल की सभी कार्रवाई अमान्य है। बेंच ने कहा कि राज्यपाल रवि ने भले मन से काम नहीं किया। इन बिलों को उसी दिन से मंजूर माना जाएगा, जिस दिन विधानसभा ने बिलों को पास करके दोबारा राज्यपाल को भेजा गया था। सुप्रीम कोर्ट के 2 निर्देश 1. सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को निर्देश दिया कि उन्हें अपने विकल्पों का इस्तेमाल तय समय-सीमा में करना होगा, वरना उनके उठाए गए कदमों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल बिल रोकें या राष्ट्रपति के पास भेजें, उन्हें यह काम मंत्रिपरिषद की सलाह से एक महीने के अंदर करना होगा।

## वक्फ कानून के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन, मुर्शिदाबाद में पत्थरबाजी, वाहन फूंके

### अमित मालवीय ने सीएम ममता से मांगा इस्तीफा

एजेंसी

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार को वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हो गया। कानून के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे, तभी प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। स्थिति तब और बिगड़ गई जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को इलाके में एक प्रमुख सड़क को अवरुद्ध करने से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया। इलाके में अराजकता फैलने के कारण कई वाहनों को आग

> बीजेपी के मीडिया सेल के हेड अमित मालवीय ने घटना का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर पर लिखा कि पश्चिम बंगाल पुलिस मुर्शिदाबाद की सड़कों पर उत्पात मचा रही हिंसक इस्लामी भीड़ पर लगाम लगाने के लिए संघर्ष कर रही है। संभवतः गृह मंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर पुलिस ऐसा व्यवहार कर रही है।

लगा दी गई और पत्थर फेंके गए। प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहन को आग के हवाले कर दिया। बीजेपी के मीडिया सेल के हेड अमित मालवीय ने घटना का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर पर लिखा कि पश्चिम बंगाल पुलिस मुर्शिदाबाद की सड़कों पर उत्पात मचा रही हिंसक इस्लामी भीड़ पर लगाम लगाने के लिए संघर्ष कर रही है। संभवतः गृह मंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर पुलिस ऐसा व्यवहार कर रही है। तथाकथित एहतियात के तौर पर, सूचना के प्रवाह को प्रतिबंधित करने के लिए क्षेत्र में इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया है। यह वही क्षेत्र है, जिसने हाल ही में कार्तिक पूजा समारोह के दौरान हिंदुओं पर बार-बार हमले देखे थे। तनाव बढ़ने के कारण कई ट्रेनें रुकी हुई थीं। ममता बनर्जी का मुस्लिम तुष्टिकरण का रीढ़विहीन ब्रांड बंगाल को खतरनाक रूप से बांग्लादेश के रास्ते पर ले जा रहा है। अमित मालवीय ने कहा कि ममता बनर्जी ने बंगाल के बड़े हिस्से पर पूरी तरह से नियंत्रण खो दिया है। वर्षों से अनियंत्रित अवैध घुसपैठ और जानबूझकर जनसांख्यिकीय विकृति ने प्रशासन की पहुँच से परे क्षेत्र बना दिए हैं।



## दिलसुखनगर बम विस्फोट केसः पांचों दोषियों की मौत की सजा बरकरार

### हाईकोर्ट ने एनआईए कोर्ट के फैसले पर लगाई मुहर

> ▸▸ गौर करें तो हैदराबाद बम ब्लास्ट में मौत की सजा सुनाए जाने के बाद एनआईए अदालत ने इस मामले को जांच के लिए उच्च न्यायालय में रेफर किया था . वहीं इसी केस में सजा पाए सभी पांच दोषियों ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए हाइकोर्ट में अपील दायर की थी.



एजेंसी

हैदराबादः तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में हाईकोर्ट ने सभी 5 दोषियों के खिलाफ एनआईए कोर्ट की मौत की सजा को बरकरार रखा है.हैदराबाद के दिलसुखनगर बम विस्फोट केस में तेलंगाना उच्च न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है. इस मामले में 5 दोषियों ने निचली अदालत में मौत की सजा के फैसले को रद करने की अपील दायर की थी. लेकिन अदालत ने उन्हें खारिज कर दिया. कोर्ट ने एनआईए की विशेष अदालत के फैसले को कायम रखा. बता दें कि 21 फरवरी, 2013 को दिलसुखनगर में दो बम धमाके हुए थे.

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ एक्ट को लेकर हंगामा, स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ एक्ट को लेकर मंगलवार को भी हंगामा हुआ. कई विधायक इसपर चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं.

> जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्षी दलों ने मंगलवार को अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है . इसमें उन पर विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति देने से इनकार करके लोकतांत्रिक बहस को दबाने का आरोप लगाया गया. पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीदुर्रहमान पारा, मीर मुहम्मद फैयाज और रफीक अहमद नाइक द्वारा हस्ताक्षरित यह प्रस्ताव विधानसभा में कई दिनों के हंगामे के बाद सोमवार को पेश किया गया.



एजेंसी

श्रीनगरः जम्मू- कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया जब विपक्षी दलों ने हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ अधिनियम पर चर्चा की मांग की. विपक्षी दलों के विरोध के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा को 30 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया. इस दौरान विपक्षी दलों ने अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया. पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और अवामी इत्तेहाद पार्टी समेत विपक्षी दलों ने वक्फ अधिनियम पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया था, जिसे बाद में सदन के नियम 58 के तहत अध्यक्ष ने अस्वीकार कर दिया. अधिनियम पर चर्चा न करने के फैसले का विरोध कर रहे पीडीपी विधायक वहीद पारा को मार्शलों द्वारा विधानसभा परिसर से बाहर निकाल दिया गया.नियम 58 के अनुसार न्यायालय में विचाराधीन किसी भी विधेयक पर चर्चा नहीं की जाएगी. एआईएमआईएम और कांग्रेस समेत कई संगठनों और राजनीतिक दलों ने वक्फ अधिनियम के क्रियान्वयन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

## सांसदों की चैट लीक होने के बाद एक्शन में ममता बनर्जी

### महुआ मोइत्रा को निलंबन की चेतावनी

ममता का संदेश एक महिला राज्यसभा सांसद के माध्यम से महुआ तक पहुंचाया गया। संदेश में महुआ को कड़ी चेतावनी दी गई है, जिसमें उन्हें सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई और यहां तक कि पार्टी से निलंबन की चेतावनी भी दी गई है, अगर ऐसा ही व्यवहार जारी रहा।



एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी ) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा को मोइत्रा और उनके साथी टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के बीच हुई बहस के बाद कड़ी चेतावनी दी है। सूत्रों ने संकेत दिया है कि मोइत्रा को चेतावनी दी गई है कि वे पीछे हट जाएं या पार्टी से निलंबन का सामना करें। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने ममता बनर्जी को महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी के बीच हुई बहस से जुड़ी पूरी घटना के बारे में जानकारी दी है। इसके बाद, ममता का संदेश एक महिला राज्यसभा सांसद के माध्यम से महुआ तक पहुंचाया गया। संदेश में महुआ को कड़ी चेतावनी दी गई है, जिसमें उन्हें सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई और यहां तक कि पार्टी से निलंबन की चेतावनी भी दी गई है,

## अवतार — मंडी में बोलीं कंगना रनौत, पीएम मोदी को बताया अवतार

# 'अपने राज्य को 'भेड़ियों' के पंजे से मुक्त कराना है'

एजेंसी

हिमाचल प्रदेश। हिमाचल प्रदेश के मंडी में एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि पूरे देश में पीएम मोदी और भगवा की लहर है। लेकिन हिमाचल प्रदेश की हालत देखकर दुख होता है। उनकी एजेंसियां ? ?समोसे की जांच कर रही हैं। जो हो रहा है उससे हमें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हमें अपने राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाना है। हमें अपने राज्य को इन 'भेड़ियों' के पंजे से मुक्त कराना है। आपको बता दें कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है जिसका नेतृत्व सुखविंदर सिंह सुक्खू कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोई साधारण इंसान नहीं बल्कि एक अवतार हैं। मैं 2014 से पहले वोट देने भी नहीं गई थी। उन्होंने कहा कि इससे पहले हम भी राजनीति को दुर्भाग्य समझते थे और नेताओं को लेकर लोगों में काफी नफरत थी। रनौत ने कहा कि पहले सब खा रहे थे और देश को बर्बाद कर रहे थे। कंगना ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। जोगिंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर भी उन्होंने तीखा हमला बोला। उन्होंने विक्रमादित्य पर हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में अपनी हार को स्वीकार न कर पाने का आरोप लगाया और उनके राजनीतिक व्यवहार की आलोचना की। विक्रमादित्य ने हाल ही में सुंदरनगर के अपने दौरे के दौरान कंगना पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह लंबे समय से अपने संसदीय क्षेत्र से गायब हैं। विक्रमादित्य और उनकी मां व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह दोनों पर निशाना साधते हुए कंगना ने कहा, ₹राजनीति में प्रतिस्पर्धा होती है, लेकिन इसकी भी सीमाएं होती हैं। किसी को बार-बार दूसरों पर कीचड़ नहीं उछालना चाहिए और न ही अपशब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए।₹ उन्होंने विक्रमादित्य का मजाक उड़ाया और उन्हें 'राजा बाबू' कहा, जो अपनी चुनावी हार से उबर नहीं पा रहे हैं। उन्होंने मंडी की पूर्व सांसद प्रतिभा और उनके परिवार पर 40 साल से ज्यादा समय तक क्षेत्र पर शासन करने का आरोप लगाया, लेकिन उन्होंने कोई खास विकास नहीं किया। उन्होंने कहा, ₹प्रतिभा सिंह सालों तक सांसद रहीं, लेकिन वे क्षेत्र के विकास के लिए धन का इस्तेमाल नहीं कर सकीं और उन्होंने कभी भी स्थानीय लोगों की चिंताओं को लोकसभा में नहीं उठाया। उन्होंने अपनी हमला जारी रखते हुए कहा, ₹पूरे देश में पीएम मोदी और भगवा की लहर है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की हालत देखकर दुख होता है। मेरे मनाली वाले घर का बिजली बिल 1 लाख रुपए है, जबकि मैं वहां रहती भी नहीं हूं, उनकी ( सरकारी ) एजेंसियां समोसे की जांच कर रही हैं।



> हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है जिसका नेतृत्व सुखविंदर सिंह सुक्खू कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोई साधारण इंसान नहीं बल्कि एक अवतार हैं। मैं 2014 से पहले वोट देने भी नहीं गई थी।

## असम बना भारत का तीसरा सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य, सीएम सरमा ने किया बड़ा दावा



> ● हाल के वर्षों में राज्य का तेजी से विकास स्पष्ट है, क्योंकि असम ने लगातार प्रभावशाली विकास के आंकड़े दर्ज किए हैं। इस महीने की शुरूआत में असम विधानसभा को संबोधित करते हुए सरमा ने खुलासा किया कि असम 14-15% की विकास दर दर्ज कर रहा है, जो राष्ट्रीय औसत 9-10% से कहीं ज्यादा है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के अनुसार, असम भारत में तीसरा सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन गया है, जिसने स्थिर मूल्यों पर 7.94% जीडीपी विकास दर हासिल की है। यह घोषणा राज्य के उल्लेखनीय आर्थिक परिवर्तन को उजागर करती है, जो निवेशक समर्थक नीतियों और बुनियादी ढांचे, संस्थानों और व्यक्तियों में निरंतर निवेश द्वारा संचालित है। एक ट्वीट में, सीएम सरमा ने राज्य की प्रगति पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, असम अब भारत का तीसरा सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है, जिसकी जीडीपी विकास दर स्थिर कीमतों पर 7.94% है। हमारी निवेशक-समर्थक नीतियां और बुनियादी ढांचे, संस्थानों और व्यक्तियों में निरंतर निवेश इस विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। कुछ साल पहले, यह अकल्पनीय था। हाल के वर्षों में राज्य का तेजी से विकास स्पष्ट है, क्योंकि असम ने लगातार प्रभावशाली विकास के आंकड़े दर्ज किए हैं। इस महीने की शुरूआत में असम विधानसभा को संबोधित करते हुए सरमा ने खुलासा किया कि असम 14-15% की विकास दर दर्ज कर रहा है, जो राष्ट्रीय औसत 9-10% से कहीं ज्यादा है। उन्होंने जोर देकर कहा, असम अब देश के शीर्ष पाँच सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक है। मुख्यमंत्री ने एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन की सफलता की ओर भी इशारा किया।

## सम्पादकीय

# संकट का ठोस समाधान खोजे भारत, संरक्षणवाद से मुक्ति जरूरी

भारतीय परिदृश्य में वर्तमान परिस्थितियों की तुलना 1991 से की जा सकती है जब भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को खोलना पड़ा था।उस समय भी शुरूआती विरोध और संदेह के बाद अंततोगत्वा परिणाम सुखद हुए।ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ इस मायने में भारत को एक सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं कि दक्षिण पूर्व एशिया में मलेशिया को छोड़कर बाकी सभी देशों की तुलना में भारत पर लगा टैरिफ सबसे कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित आयात शुल्क यानी टैरिफ की घोषणा हो गई।ट्रंप की समझ से उनका यह कदम अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चली आ रही असमानता को ठीक करने का प्रयास है।ट्रंप प्रशासन यह मानता है कि अमेरिका में तो आयातित उत्पादों पर टैरिफ की दरें बहुत कम थीं, परंतु बाकी देशों में अमेरिकी उत्पादों को भारी टैरिफ चुकाना पड़ता है। टैरिफ ढांचे में बदलाव को ट्रंप ने अपना अहम चुनावी मुद्दा बनाया था। बढ़े हुए आयात शुल्क दो श्रेणियां में आए हैं।पहला आधार शुल्क यानी बेस टैरिफ जो अब तक ढाई प्रतिशत था।इसे बढ़ाकर दस प्रतिशत किया गया है।दूसरी श्रेणी में विभिन्न देशों को चिह्नित कर उन पर अलग-अलग दर से पारस्परिक यानी रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है।इसकी गणना करने के लिए अमेरिका ने विभिन्न देशों के साथ अपने व्यापार घाटे को आधार बनाया है। बढ़े हुए शुल्क की सबसे ज्यादा मार चीन, वियतनाम, थाइलैंड, ताइवान आदि पर पड़ने वाली है। यूरोपियन यूनियन, दक्षिण कोरिया और जापान उन देशों में शामिल हैं, जिन पर अपेक्षाकृत कम टैरिफ लगाया गया है, परंतु अमेरिका को होने वाले भारी निर्यात की वजह से यह कम टैरिफ दर भी इन देशों की अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डालेगी।बाकी देशों के मुकाबले भारत पर लगाया 26 प्रतिशत टैरिफ फिर भी काफी हल्का है।अपने चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को विशेष रुप से इंगित कर टैरिफ किंग बताया था और इस कारण उम्मीद लगाई जा रही थी कि भारत पर भी चीन और वियतनाम जितना भारी शुल्क लगाया जाएगा। भारत का इस तरह सस्ते में छूट जाना राहत भरा है।चूंकि भारत का अमेरिका को होने वाला निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का मात्र दो प्रतिशत है, इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था पर एकदम कोई बहुत बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा।गौर करने वाली बात यह भी है कि दवाईयों, धातुओं, सेमीकंडक्टर आदि को जवाबी टैरिफ से मुक्त रखा गया है।अमेरिका को निर्यात होने वाली भारतीय वस्तुओं का बहुत बड़ा हिस्सा इन्हीं श्रेणियां में आता है।यूएसएड की समाप्ति, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति, पेरिस जलवायु समझौते और डब्ल्यूएचओ जैसे संगठनों से निकलना और अप्रवासन नीति में कड़ाई दिखलाती है कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने अपने शताब्दी पुराने बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप नीति को विदाई दे दी है।

## आज का विचार

भारत संवाद

अपके लक्ष्य के अलावा आपको जो अच्छा लगता है वही आपका सबसे बडा दुश्मन हैं




**मेष राशि :** अपने दोस्तों के साथ बातचीत करते समय शब्दों का सोच-समझ कर चुनाव करें, क्योंकि किसी बात पर विवाद हो सकता हैं. आय में वृद्धि होगी. शुभ समाचार प्राप्त होंगे. पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे.

**वृषभ राशि:** अपने करियर को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं, लेकिन कही ना कही मन में इसे लेकर संशय बना रहेगा. हालांकि आपको अपने परिवार का पूरा साथ मिलेगा. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. भागदौड़ रहेगी. भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे.

**मिथुन राशि :** साथ है. दोस्तों और परिवार का पूरा साथ मिलेगा. किसी बात को लेकर दृढ़-निश्चय भी कर सकते हैं जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा.लेनदारी वसूल होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर प्राप्त होंगे.

**कर्क राशि:** यदि आप सिंगल हैं और किसी रिश्ते की तलाश में हैं तो कल आपके लिए कोई अच्छा रिश्ता आ सकता हैं जिससे आपका और आपके घरवालों का मन आनंदित रहेगा.पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा. नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा.

**सिंह राशि:** यदि कोई बीमारी से कुछ दिन से परेशान हैं तो कल उसमें सुधार होगा और आप पहले से ज्यादा तरोताजा महसूस करेंगे. मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होगा.लेन-देन में सावधानी रखें. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा.

**कन्या राशि :** व्यापार में नुकसान होने की संभावना हैं, इसलिए पैसों से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय लेने से बचे. किसी के साथ धन-संबंधी बात करने से भी बचे. कारोबारी नए अनुबंध होंगे. नई योजना बनेगी. मान-सम्मान मिलेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्त्री कष्ट संभव. कलह से बचें. कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे.

**तुला राशि :** मन आध्यात्म की ओर रहेगा. घरवालों या दोस्तों के साथ मंदिर जाने का प्लान बना सकते हैं जिससे मानसिक शांति भी प्राप्त होगी. भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यर्थ भागदौड़ होगी.

**वृश्चिक राशि :** यदि आपके मन में कोई बात हैं जो आप किसी के साथ साझा नहीं कर पा रहे हैं तो कल उसके लिए उपयुक्त दिन हैं. इसलिए जो भी मन में हैं उसे साफ-साफ शब्दों में कह डाले. यात्रा सफल रहेगी. विवाद न करें. लेन-देन में सावधानी रखें.

**धनु राशि :** किसी के साथ लड़ाई-झगड़ा हो सकता हैं लेकिन कल अपनी वाणी पर संतुलन बनाए रखे. घर के किसी सदस्य की तबियत भी खराब रह सकती हैं. बेचैनी रहेगी. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा.

**मकर राशि :** छात्रों को अपने अध्यापको से किसी बात को लेकर डांट पड़ सकती हैं जिससे उनका मन कुंठित रहेगा. ऐसे में नाराज या क्रोधित होने की बजाये अपना आत्म-विश्लेषण करेंगे तो ज्यादा बेहतर परिणाम मिलेंगे.प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. झंझटों में न पड़ें.


**कुंभ राशि :** शेयर मार्किट में पैसा लगाया हुआ हैं तो कल उसमें हानि उठानी पड़ सकती हैं लेकिन समय रहते इसमें सुधार हो जाएगा. आपके पास कई अच्छे अवसर आएंगे जिनका लाभ आप उठा सकते हैं.रोजगार में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. परिवार की चिंता रहेगी. लाभ होगा, अस्वस्थता का अनुभव करेंगे. चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी.

**मीन राशि :** आपका खर्चा ज्यादा हो सकता है, लेकिन उसकी ज्यादा चिंता ना करे क्योंकि कुछ ही दिनों में इसका उचित लाभ भी आपको मिल जाएगा. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. घर-बाहर अशांति रह सकती है. प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा के योग बनेंगे.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भाषा पर विभाजनकारी राजनीति, राजकीय भाषा हिंदी का विरोध गलत

> जहां तक परिसीमन की बात है यह एक राजनीतिक विषय है जिस पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का जवाब आ गया है कि इससे किसी राज्य का अहित नहीं होगा। परिसीमन आयोग गठित होने पर उसकी विषय वस्तु पर चर्चा होगी पर भाषा विशेषकर मातृभाषा का विषय भावनात्मक है। इसके साथ राजनीति का घालमेल बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखदायी होगा।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बार फिर परिसीमन का अपना पुराना राग छेड़ा।इस मुद्दे को उछालने के साथ वह केंद्र सरकार पर यह आरोप भी लगाते चले आ रहे हैं कि वह तमिलनाडु पर हिंदी थोपना चाहती है।उन्होंने परिसीमन और भाषा को आधार बनाकर दक्षिण के राज्यों को गोलबंद कर एक नई राजनीति की शुरूआत की है। उन्होंने त्रिभाषा लागू करने को लेकर अंधराष्ट्रवाद जैसे शब्द का उपयोग किया है।हजारों वर्षों की इस राष्ट्र की संकल्पना और महान दार्शनिक आदि गुरु शंकराचार्य के राष्ट्र की अवधारणा को अंधराष्ट्रवाद की संज्ञा देना ठीक नहीं है।उन्हें भारत और पश्चिम की राष्ट्र की अवधारणा के अंतर को समझना होगा।भारत राष्ट्र का आधार राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक है।1947 में देश का विभाजन पंथ को राष्ट्रीयता का दर्जा देकर किया गया, जो भविष्य में गलत साबित हुआ।पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश बना।पूर्वी पाकिस्तान में रहने वाले बांग्लाभाषी लोगों को लगा कि उनकी अपनी मातृभाषा बांग्ला खतरे में है।अत: उन्होंने खुद को पाकिस्तान से अलग कर लिया।जिस तरह पंथ राष्ट्र नहीं, उसी तरह भाषा भी राष्ट्र नहीं है।पंथ–भाषा–क्षेत्र और जाति की भावनाएं भड़का कर अलगाव की राजनीति का इतिहास पुराना है, जिससे सावधान रहने की आवश्यकता है।भारत विविधताओं वाला देश है।विविधता में एकता देश की विशेषता है।देश की विविधता का सम्मान होता रहा है।हमारा देश भाषा के साथ ही साथ भाव से भी जुड़ा है।चूंकि इस्लाम–ईसाइयत और वामपंथ आयातित हैं, अत: भारत को भारत की नजर से देखना होगा।यहां कोस–कोस पर पानी, चार कोस पर वाणी बदल जाती है। चूंकि भारत का इतिहास बाहरी आक्रमण का गवाह है, अत: देश के संविधान निमार्ताओं ने विविधता को ध्यान में रखकर भाषा नीति बनाई, ताकि राष्ट्र की एकता और अखंडता पर फिर से कोई संकट न आ पाए। संविधान के भाग 17, अध्याय–एक के अनुच्छेद 343 में संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी स्वीकार की गई है।संविधान के प्रारंभ से 15 वर्ष तक शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा के प्रयोग की बात कह गई थी।इसी भाग के अध्याय–दो के अनुच्छेद 350 में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा देने की बात है।राज्यों में शासन–प्रशासन–समाज के बीच समन्वय और संवाद बनाने के लिए 1956 में राज्यों का पुनर्गठन भाषा के आधार पर किया गया।चूंकि मातृभाषा में शिक्षा तथा संघ की राजभाषा हिंदी और शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी के प्रयोग की बात थी, अत: अंग्रेजी–हिंदी और मातृभाषा यानी त्रिभाषा फामूर्ला लागू किया गया।दक्षिण भारतीय राज्यों को भाषाई पहचान का कोई खतरा नहीं है।वह तो कुछ देश विरोधी ताकतें हैं, जो विविधता में एकता जैसी भारत की पहचान को खतरा बताकर यूनिटी इन डाइवर्सिटी इज ए थ्रेट टू आवर आइडेंटिटी जैसे नकरात्मक अभियान चलाते रहे हैं।1961 में तमिलनाडु की जनसंख्या 3,36,86,953 थी, जिसमें मातृभाषा तमिल लिखवाने वाले 2,80,11,099 यानी 83.15 प्रतिशत थे।तमिल को सहायक या अनुषंगी भाषा लिखवाने वालों की संख्या 15,87,552 थी।द्विभाषिक में अपनी भाषा अंग्रेजी बताने वालों की संख्या 10,76,467 थी। 2011 में तमिलनाडु की जनसंख्या 7,21,47,039 थी, जिसमें मातृभाषा तमिल बताने वालों की संख्या 6,37,53,997 यानी बढ़कर 88.36 प्रतिशत हो गई। समय के साथ भारतीय प्रशासनिक और अन्य अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित तमिल बंधु दूसरे राज्यों विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में जाने पर हिंदी के महत्व को समझने लगे। लिहाजा तमिलनाडु में हिंदी पढ़ने वालों की संख्या बढ़ने लगी।2001 में अनुषंगी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ने वालों की संख्या 3,93,380 थी, जो 2011 में बढ़कर 4,46,806 हो गई।दक्षिण के चारों राज्यों की मातृभाषा–तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम है।राज्य में इन्हें बोलने वालों की संख्या 1961 में 3,25,67,095 यानी 96.67 प्रतिशत थी, जो 2011 में बढ़कर 7,00,00,570 यानी 97.02 प्रतिशत हो गई।साफ है तमिलनाडु में न तो मातृभाषा तमिल को कोई खतरा है और न ही शेष दक्षिणी राज्यों की अन्य मातृभाषाओं को। विदेशी भाषा अंग्रेजी पर मौन और भारत की राजकीय भाषा हिंदी और देवनागरी का विरोध मुख्यमंत्री स्टालिन पर ही प्रश्न खड़ा करता है। लगता है राजनीतिक कारणों से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री परिसीमन संग भाषा का भावनात्मक पक्ष आगे रखकर दक्षिण के राज्यों के नेता बनकर उभरना चाहते हैं, पर उन्हें यह भी बताना होगा कि उनके राज्य में तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम बोलने वालों की संख्या क्यों घट रही है?यहां विशेष रूप से तेलुगु का उल्लेख करना आवश्यक है। 1961 में तमिलनाडु में अपनी मातृभाषा तेलुगु लिखवाने वालों की संख्या कुल जनसंख्या का 9.98 प्रतिशत था, जो 2011 में घटकर 5.86 प्रतिशत रह गई।आंध्र प्रदेश के लोग रोजगार के लिए दूसरे राज्य में गए।अत: 1961 से 2011 के बीच तेलुगुभाषी की संख्या उस राज्य में 2.41 प्रतिशत कम हुई। शेष दक्षिण के राज्यों यथा तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में मातृभाषा वालों की संख्या बढ़ी है, कम नहीं हुई है।इसलिए भाषा के आधार पर विभाजनकारी राजनीति बंद होनी चाहिए।जहां तक परिसीमन की बात है, यह एक राजनीतिक विषय है, जिस पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का जवाब आ गया है कि इससे किसी राज्य का अहित नहीं होगा।परिसीमन आयोग गठित होने पर उसकी विषय वस्तु पर चर्चा होगी, पर भाषा विशेषकर मातृभाषा का विषय भावनात्मक है।इसके साथ राजनीति का घालमेल बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखदायी होगा।

# गहराता जल संकट, बढ़ती मुश्किलें

**विजय गर्ग**



भारत में जल संकट बड़ी समस्या बन चुका है। इससे हर साल करोड़ों लोग प्रभावित होते हैं। गर्मियों की आहट के साथ ही यह संकट बढ़ जाता है।गांवों से लेकर महानगरों तक पानी के लिए लिए त्राहि-त्राहि मचने लगती है। यह संकट न केवल ग्रामीण और शहरी आबादी के लिए गंभीर चुनौती है, बल्कि कृषि पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। लगातार गिरता भूजल स्तर, जल संसाधनों की बबार्दी, बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन इस संकट को और अधिक विकराल बना रहे हैं।जाहिर है, अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। पूरी दुनिया में साल-दर-साल पानी की किल्लत बढ़ रही रही है। धरती पर जितना पानी उपलब्ध है, उसमें से सिर्फ 2.5 फीसद मीठा पानी है और इसमें से भी मात्र एक फीसद मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है।विश्व के जल संसाधनों में भारत की हिस्सेदारी चार फीसद है। देश में उपलब्ध जल का लगभग 80 फीसद कृषि क्षेत्र में उपयोग किया जाता है। कृषि के अलावा बिजली उत्पादन, उद्योग और घरेलू जरूरतों के लिए जल की उपलब्धता आवश्यक है। मगर जरूरत के हिसाब से जल संसाधन सीमित हैं। पानी के कुशल प्रबंधन से ही सभी को इसकी आपूर्ति संभव है। समय-समय पर हुए अध्ययनों और सर्वेक्षण रपटों में भारत में जल संकट को चिंताजनक बताया जाता रहा है। अमेरिका स्थित विश्व संसाधन संस्थान की ओर से प्रकाशित आंकड़ों से पता चलता है कि विश्व में जो सत्रह देश सर्वाधिक जल संकट झेल रहे हैं, भारत उनमें तेरहवें स्थान पर है।वर्ष 2019 में जारी नीति आयोग की रपट के मुताबिक देश की 60 करोड़ से अधिक आबादी पानी की गंभीर किल्लत झेल रही है और हर वर्ष लगभग दो लाख लोग असुरक्षित जल पीने से मर जाते हैं।75 फीसद आबादी को पीने के पानी के लिए दूर तक जाना पड़ता है। इस रपट में नीति आयोग ने चेताया था कि 2030 तक देश में जल की मांग आपूर्ति के मुकाबले दोगुनी होने का अनुमान है। इससे करोड़ों लोगों के सामने जल संकट की स्थिति उत्पन्न होगी। बड़ा सवाल यह है कि इस रपट के छह साल बाद हमने जल संकट को कम करने की दिशा में क्या कदम उठाए हैं? देश में जल संकट गहराने के कई कारण हैं।हमें पता है कि पानी सीमित है, फिर भी उसे बूंद-बूंद बचाने के बजाय हम उसे व्यर्थ बहा रहे हैं।देश की तेजी से बढ़ती आबादी के कारण पानी की मांग बढ़ती रही है, लेकिन जल संसाधनों का उतनी ही अधिक तेजी से क्षय हो रहा है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा भूजल निकालने वाला देश है। कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग के लिए भूजल का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है, जिससे भूजल स्तर गिरता जा रहा है। नदियों, झीलों और भूजल में औद्योगिक कचरे, रसायनों और प्लास्टिक के बढ़ते स्तर के कारण पीने योग्य पानी की लगातार कमी आ रही है।केंद्रीय भूजल बोर्ड की शोध रपट से पता चलता है कि समूचे देश में भूजल प्रदूषण चिंताजनक रूप से बढ़ गया है। इनमें से अधिकतर इलाकों में नाइट्रेट का स्तर बहुत अधिक है। यह रासायनिक प्रदूषक पर्यावरणीय समस्याएं पैदा करता है। इससे खासकर, छोटे बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा है।बढ़ते तापमान और अनियमित मानसून के कारण कई क्षेत्रों में सूखा और बाढ़ की स्थिति बन रही है।देश में सदियों से जल संरक्षण के लिए पारंपरिक तरीके इस्तेमाल किए जाते रहे हैं, जो आज भी प्रासंगिक और कारगर हैं। तालाब, बावड़ियां और कुंड जैसी जल संरचनाएं वर्षा जल को संचित करने में हमेशा मददगार रही हैं। हमारे यहां वैज्ञानिक ढंग से बनाए गई झीलें और तालाब ग्रामीण जल आपूर्ति का आधार रहे हैं।देश के सभी क्षेत्रों में लोगों ने जल संरक्षण के कोई न कोई उपाय विकसित किए। आज बढ़ते जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण के पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों को एक साथ अपनाने की जरूरत है। देश जल संचय के प्रभावी साधन के तौर पर स्वीकार किए गए कुओं, बावड़ियों, तालाबों, जोहड़ों और झीलों की फिक्र करना हमने छोड़ दिया है। जल संरक्षण और पारंपरिक जलस्त्रोतों की सार-संभाल हमारी समृद्ध परपंरा रही है, पर हाल के दशकों में अपने पुरखों की इस परपंरा को बिसरा दिया है। भारत में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इसे हल करने के लिए प्रभावी उपायों की आवश्यकता है। इसके लिए वर्षा जल संचय को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि बारिश का पानी व्यर्थ न जाए और भूजल स्तर बढ़े। बूंद-बूंद और फव्वारा सिंचाई जैसी कृषि तकनीकों को अपना कर पानी की बबार्दी रोकी जा सकती है।शहरी क्षेत्रों में औद्योगिक और घरेलू जल का पुनः उपयोग करने के लिए जल पुनर्चक्रण और अपशिष्ट जल उपचार अनिवार्य किया जाना चाहिए।घरेलू स्तर पर नल बंद रखने, कपड़े और बर्तन धोने में कम पानी का उपयोग करने जैसी कम पानी की खपत करने वाली आदतों को अपनाना होगा। कम पानी में उपजने वाली फसलों, जैसे बाजरा, ज्वार और दालों के उत्पादन को बढ़ावा देना होगा।

जल संकट के समाधान के लिए सरकार कई योजनाओं पर काम कर रही रही है। । केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल जल उपलब्ध का लक्ष्य रखा है। गंगा नदी के पुनर्जीवन के लिए नमामि गंगे योजना के तहत काम किया रहा है। । भूजल स्तर में में सुधार के लिए अटल भूजल योजना में देश भर काम किया जा रहा ।हाल में सरकार ने लोकसभा में बताया कि वह सात राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों में जल संकट से ग्रस्त क्षेत्रों में अटल भूजल योजना' लागू कर रही है, जिसका उद्देश्य सतत भूजल प्रबंधन के माध्यम से भूजल स्तर में गिरावट को रोकना है। अमृत सरोवर योजना के तहत भी गांव- गांव में यह काम किया जा रहा है।सरकार के प्रयास अपनी जगह हैं, लेकिन यह काम सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए।जल संकट का समाधान तभी हो सकता है, जब आम आदमी भी पहल करे। सरकार कई बार कह चुकी है कि देश में पानी की कमी नहीं है, पर पानी का प्रबंधन एक बड़ा मसला है। यह काम जनता की भागीदारी से ही किया जा सकता है। नागरिकों को पानी की बचत और पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए जागरूक करना होगा। यदि जल संसाधनों की बबार्दी नहीं रोकी गई और पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों को पुनर्जीवित नहीं किया गया, तो भविष्य में स्थिति और भयावह हो सकती है। जल एक सीमित संसाधन है। इसकी हर बूंद अनमोल है। इसलिए जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना होगा।

# दिशाहीन भीड़ की मानसिकता से समाज को सर्वाधिक खतरा

**संजीव ठाकुर**

सामाजिक सरोकार के परिवर्तन और उसके विरोध से उठे सवालों से सहमति और असहमति से उपजे असंतोष से भिड़ तंत्र द्वारा हिंसक अहिंसक प्रदर्शन से मानवता और सामाजिक एकरसता को सबसे बडा खतरा जन्म लेता जा रहा है यह राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन का विषय बन चुका है। आज देश के लगभग अधिकतर राज्यों में चुनाव की प्रतिस्पर्धा और धार्मिक उन्माद से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर, पश्चिम बंगाल और संभल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों और अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है।राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है ।भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है।और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है ।और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है ।भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

# ठाणे के भिवंडी में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम में हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन, आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज

- बागेश्वर धाम सरकार के पहले कार्यक्रम पर विवाद
- देर रात तक कथा प्रवचन जारी रखने का आरोप
- पुलिस ने आयोजकों के खिलाफ दर्ज किया केस




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः हिंदू गांव बसाने के लिए इन दिनों सुर्खियों में छाए बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री के प्रवचन कार्यक्रम में हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन सामने आया है। ठाणे के भिवंडी में आयोजित कथा में रात 11 बजे प्रवचन देने के लिए आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह कार्यक्रम भिवंडी के बागे नारपोली पुलिस ने दर्ज किया है। इसमें आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री ने देर रात तक प्रवचन कार्यक्रम किया। इस दौरान लाउडस्पीकर चालू रखा गया।मुंबई में पुलिस के साथ बाबा बागेश्वर ने खेला क्रिकेट मैच, एक ओवर में झटके तीन विकेट, जानें कौन सी टीम जीतीसमय-सीमा का नहीं रखा ध्यानरविवार को भिवंडी के दिवे अंजूर इलाके में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री का प्रवचन का आयोजन किया गया था। धीरेन्द्र शास्त्री को इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से दो से तीन हजार नागरिक पहुंचे थे, बाबा बागेश्वर का कथा वाचन का कार्यक्रम रात 11 बजे तक जारी रहा। इस कार्यक्रम में कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे लेकिन कथा कार्यक्रम तय समय पर खत्म नहीं हुआ। अब पुलिस को दी गई शिकायत में गया है कि नियमों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कोई भी संगीत वाद्ययंत्र बजाना प्रतिबंधित है।

# मुस्लिम वोटों के लिए उद्धव ठाकरे ने हिंदुत्व से गद्दारी की...शिंदे गुट के नेता संजय निरुपम का यूबीटी पर बड़ा हमला

- वक्फ विधेयक के विरोध से उद्धव सेना की विश्वसनीयता खत्म
- शिवसेना-प्रवक्ता संजय निरुपम ने बोला जोरदार हमला

## निरुपम का आरोप, मुस्लिम संगठनों ने दिया चुनाव में फंड



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः शिवसेना उपनेता व प्रवक्ता संजय निरुपम ने आरोप लगाया कि मुस्लिम वोटों के लिए उद्धव सेना ने बालासाहेब ठाकरे के विचारों और हिंदुत्व से गद्दारी की है। अब उद्धव सेना ने हिंदू समाज में अपनी विश्वसनीयता खो दी है। उद्धव सेना की दोगली भूमिका की वजह से हिंदुओं में भारी आक्रोश है। वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने वाले उद्धव सेना को बालासाहेब का नाम लेने का अधिकार नहीं है। मंगलवार को पत्रकार परिषद में निरुपम ने कहा कि यूबीटी नेताओं का दावा है कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक किसी जाति धर्म से संबंधित नहीं होने और अचल संपत्ति से संबंधित है। वक्फ बोर्ड के कब्जे में करीब 2 लाख करोड़ की संपत्ति है। इसका जवाब देते हुए निरुपम ने कहा कि यूबीटी वालों को प्रॉपर्टी में अत्यधिक रुचि होने की बात साफ दिखाई दे रही है।

### चुनावों में यूबीटी को फंडिंग

निरुपम ने कहा कि लिहाजा वक्फ बोर्ड की जमीन पर भी यूबीटी गुट का पहले से ही ध्यान था क्या? निरुपम ने कहा कि मुस्लिम संगठनों ने चुनाव के दौरान यूबीटी को फंडिंग की थी। जिसकी वजह से अब लगातार वे वक्फ बोर्ड विधेयक के बारे में यह विधेयक धर्म से संबंधित न होकर संपत्ति से संबंधित होने की बात बार बार कह रहे हैं। वक्फ बोर्ड के खिलाफ न्यायालय में नहीं जाने की भूमिका यूबीटी नेतृत्व ने स्पष्ट की है। लिहाजा उनका मुस्लिम वोटों के लिए इस प्रकार की लीपापोती कर रही है। इस प्रकार की टिप्पणी निरुपम ने की है। उन्होंने आगे कहा कि वक्फ बोर्ड के पास जो जमीन है वह भारत की भूमि है। इस जमीन का यदि कोई दुरुपयोग कर रहा है, उसमें घोटाला हुआ होगा तो सरकार को उसके खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार होना चाहिए।

### पहले रत्नपुर था नाम

निरुपम ने कहा कि खुलताबाद का पहले नाम रत्नपूर था। शिवसेना मंत्री संजय शिरसाट ने मुद्दा उठाया है। इसका अब यूबीटी गुट के नेता भी श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। परंतु महाविकास आघाडी सरकार में 22 महीने मुख्यमंत्री होने के बावजूद उद्धव ठाकरे ने खुलताबाद का नामांतरण क्यों नहीं किया यह सवाल निरुपम ने पूछा है। वोटों के लिए मुस्लिमों की चमचागिरी करने का काम यूबीटी ने किया है।



# सदर प्रसिद्धी पत्रक जनसंपर्क विभाग, मध्य रेल्वे, छत्रपती शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई यांनी जारी केले आहे

## मध्य रेल 6 अतिरिक्त अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भिवंडी-सांकराईल और खड़गपुर-ठाणे के बीच अनारक्षित विशेष ट्रेन सेवा मध्य रेल ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित सेवाओं के अलावा अब तक 290 अनारक्षित सेवाएं और 42 एसी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं सहित 1204 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है और अब यात्रियों के लाभ के लिए अतिरिक्त 6 अनारक्षित विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा।

1) भिवंडी- सांकराईल अनारक्षित साप्ताहिक विशेष - (3 सेवा)

01149 अनारक्षित विशेष दिनांक 09.04.2025 से 23.04.2025 तक प्रत्येक बुधवार को 22:30 बजे भिवंडी से रवाना होगी और तीसरे दिन 13:00 बजे सांकराईल गुड्ज टर्मिनल यार्ड पहुँचेगी। (3 सेवाएं)

ठहराव : कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर और खड़गपुरसंरचनाः, 10 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड ब्रेक वैन और 10 पार्सल वैन

2) खड़गपुर-ठाणे अनारक्षित साप्ताहिक विशेष (3 सेवा)

01150 अनारक्षित विशेष दिनांक 12.04.2025 से 26.04.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 23.45 बजे खड़गपुर से रवाना होगी और तीसरे दिन 10.30 बजे ठाणे पहुंचेगी। (3 सेवाएं)ठहराव : टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी और कल्याणसंरचनाः, 10 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड ब्रेक वैन और 10 पार्सल वैनअनारक्षित विशेष ट्रेनों और कोच के लिए टिकट यूटीएस के माध्यम से सामान्य शुल्क पर बुक किए जा सकते हैं इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www. enquiry. indianrail.gov.in पर देखें या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# सीएमओ से कॉल, पर 10 लाख न देने पर गर्भवती को भगाया, दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल पर कैसे गरमाई सियासत

- महिला की मौत पर अस्पताल के खिलाफ जांच शुरू
- आरोपी डॉक्टर ने दिया इस्तीफा, गिरफ्तारी की मांग
- विपक्षी दलों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया, सिक्के भी फेंके

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणे : महाराष्ट्र में एक गर्भवती महिला की मौत का मामला राजनीतिक बन गया है। विपक्षी दल महायुति सरकार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। वहीं सरकार ने भी इस मामले में ताबड़तोड़ एक्शन लिया है। घटना पुणे के दीनानाथ हॉस्पिटल की है। महाराष्ट्र के मंत्री प्रकाश अबितार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। आरोप है कि अस्पताल ने एक गर्भवती महिला को भर्ती करने से मना कर दिया था। वजह थी, महिला के पास 10 लाख रुपये की एडवांस रकम नहीं थी। विवाद तूल पकड़ा तो आरोपी डॉक्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।महिला का नाम तनीषा भिसे था। अमित गोरखे के निजी सहायक की पत्नी थीं। तनीषा की बाद में एक दूसरे अस्पताल में जुड़वां बेटियों को जन्म देने के बाद मौत हो गई। मंत्री अबितार ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हमने स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक को इस मामले की जांच करने को कहा है कि अस्पताल में आखिर क्या हुआ था। उनकी रिपोर्ट मिलने के बाद, अगर अस्पताल गलत पाया जाता है, तो हम जरूरी कार्रवाई करेंगे।

# औरंगजेब के मकबरे वाले शहर खुलदाबाद का नाम बदलकर होगा रत्नापुर, महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट का बड़ा ऐलान

- सरकार बदलेगी खुलदाबाद का नाम
- औरंगजेब की कब्र इसी इलाके में है
- इम्तियाज जलील ने उठाए सवाल



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

छत्रपति संभाजीनगर : महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट का एक बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने ऐलान किया है सरकार खुलदाबाद का नाम बदलेगी। उन्होंने कहा है कि खुलदाबाद का नाम बदलकर जल्द ही रत्नापुर किया जाएगा। यह फैसला मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को लेकर हुए विवाद के बाद लिया गया है। खास बात है कि खुलदाबाद इलाका वही है, जहां औरंगजेब की कब्र बनी है।छत्रपति संभाजीनगर के संरक्षक मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि हम खुलदाबाद का नाम सच में बदल नहीं रहे हैं। इस शहर को पहले रत्नापुर के नाम से जाना जाता था। सरकारी रिकॉर्ड में भी यही नाम दर्ज है। हम सिर्फ उस पुराने नाम को वापस ला रहे हैं जिसे मुगलों ने बदल दिया था। यह एक आधिकारिक सुधार होगा।

### इम्तियाज जलील ने साधा निशाना

ओवैसी की पार्टी महाराष्ट्र अध्यक्ष और औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने शिरसाट के इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि महायुति के नेताओं के पास विकास का कोई अजेंडा नहीं है। इसलिए वे शहरों का नाम बदलने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद कर रहे हैं। जलील ने कहा कि सरकार को पहले जनता के जरूरी मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

### 'शहरों का नाम बदलने पर फोकस'

जलील ने सवाल उठाते हुए कहा, 'क्या सरकार ने बेरोजगारी, महंगाई, पानी की समस्या और महिलाओं पर अत्याचार जैसे मुद्दों को सफलतापूर्वक हल कर लिया है? अगर नहीं, तो वह शहरों का नाम बदलने को प्राथमिकता क्यों दे रही है?' उन्होंने औरंगाबाद, उस्मानाबाद और धाराशिव के हाल ही में हुए नाम परिवर्तन का भी जिक्र किया।संजय शिरसाट ने खुलदाबाद में औरंगजेब के मकबरे को लेकर हुए विवाद के बाद खुलदाबाद का नाम रत्नापुर करने की योजना की घोषणा की थी। खुलदाबाद, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 35 किलोमीटर दूर है। कई दक्षिणपंथी समूहों ने पहले ही मकबरे को हटाने की मांग की है।

### संजय केनेकर ने किया समर्थन

नए चुने गए संजय केनेकर ने खुलदाबाद का नाम बदलने की मांग का समर्थन किया।

# ढाई साल से तलाश रही थी लातूर पुलिस, गटर में छिपा मिला चोर, कार वॉशिंग सेंटर में धोकर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- लातूर में चोर सीवर में छिपा मिला, पिछले ढाई साल से था फरार
- चोर अशोक पर कई जानवरों की चोरी का आरोप, कर्नाटक में भी सक्रिय
- पुलिस ने चोर को सीवर से निकालकर कार वॉशिंग सेंटर में धोया।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

लातूर : महाराष्ट्र के लातूर में एक बड़ा चोर पकड़ा गया है। यह चोर पिछले ढाई साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। रविवार को पुलिस ने उसे सीवर में छुपा हुआ पकड़ा। पुलिस ने उसे सीवर से निकाला और पहले कार वॉशिंग वर्कशॉप में ले गई। यहां चोर को नहलाया गया और उसके बाद गिरफ्तार किया गया। इस चोर का नाम अशोक है। अशोक पर कई जानवरों को चुराने का आरोप है।पुलिस ने बताया कि अशोर ने लातूर जिले के उदगीर से भैंसें भी चुराई थीं। पुलिस उसे काफी समय से तलाश रही थी। रविवार को उसके एक इलाके में छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस जब उसे पकड़ने गई, तो वह सीवर में छुपा हुआ था। पुलिस ने उसे सीवर से बाहर निकाला। वह पूरी तरह से भीगा हुआ था। पुलिस उसे सीधे कार वाशिंग सेंटर ले गई और उसे अच्छे से धोया।

### कर्नाटक में भी करता था चोरियां

अशोक सिर्फ महाराष्ट्र में ही नहीं, बल्कि कर्नाटक में भी कई सालों से चोरी कर रहा था। पुलिस को मुखबिरों से जानकारी मिली कि वह लातूर आया है। अशोक को पता चल गया कि पुलिस उसे पकड़ने आ रही है। इसलिए वह सीधा सीवर में जाकर छुप गया। उसने सिर्फ अपना चेहरा बाहर रखा था।

### सीवर से खींचकर पुलिस ने निकाला बाहर

महाराष्ट्र पुलिस ने अशोक को सीवर से बाहर खींचा। वह सीवर की गंदगी से पूरी तरह सना हुआ था। वह भागने की कोशिश करने लगा। उसने पुलिस पर मिट्टी फेंकी ताकि भाग सके लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस अशोक को सीवर से निकालकर सीधे वॉशिंग सेंटर ले गई। वहां उसे अच्छे से धोया गया। यह खबर इलाके में तेजी से फैल गई। वाशिंग सेंटर पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई उस चोर को देखना चाहता था, जो सीवर में छुपा था। यह मामला लोगों के लिए एक मजेदार कहानी बन गया है। हर कोई इस चोर और उसकी हरकतों के बारे में बात कर रहा है। पुलिस अब अशोक से पूछताछ कर रही है। वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि उसने और कितने जानवरों को चुराया है। साथ ही, वे यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल-वाराणसी एसी स्पेशल ट्रेन का ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 09183/09184 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल को अछनेरा और आगरा फोर्ट स्टेशनों के बजाय ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार हैः-ट्रेन संख्या 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल को ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन ईदगाह आगरा स्टेशन पर 17.45 बजे पहुंचेगी और 17.50 बजे प्रस्थान करेगी।इसी तरह, ट्रेन संख्या 09184 वाराणसी-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक एसी स्पेशल को ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन ईदगाह आगरा स्टेशन पर 07.35 बजे पहुंचेगी और 07.40 बजे प्रस्थान करेगी।उपर्युक्त ट्रेनें अछनेरा और आगरा फोर्ट स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी।ट्रेनों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# सैफ अली खान ने थप्पड़ मारा था या नहीं? मुंबई की कोर्ट का मलाइका अरोड़ा के खिलाफ वॉरंट

## अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी, पहले भी वॉरंट हुआ था जारी

- मलाइका अरोड़ा के खिलाफ वॉरंट फिर से जारी हुआ
- सैफ अली खान पर 2012 के मारपीट मामले में आरोप हैं



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सोमवार को मलाइका अरोड़ा के खिलाफ 5,000 रुपये का जमानती वारंट फिर से जारी किया। मलाइका अभिनेता सैफ अली खान, उनके बहनोई शकील लाडक और बिलाल अमरोही के खिलाफ 2012 के मारपीट मामले में गवाह के तौर पर पेश नहीं हुईं। अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।29 मार्च को मलाइका की बहन, अभिनेत्री अमृता अरोड़ा लाडक ने कोर्ट में गवाही दी। अमृता इस केस में तीसरी गवाह थीं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उन्होंने सैफ अली खान को उसी आदमी से पिटते हुए देखा था। उन्होंने बताया कि शख्स ने कोलाबा के एक फाइव-स्टार होटल के रेस्टोरेंट में उनके प्राइवेट एरिया में घुसकर ग्रुप को कथित तौर पर तेज आवाज में बात करने के लिए डांटा था।2012 की घटनाइस मामले की सुनवाई पिछले साल शुरू हुई थी। मलाइका अरोड़ा को गवाह के तौर पर लिस्ट किया गया है। क्योंकि वो 21 फरवरी 2012 को रेस्टोरेंट में डिनर करने वाले ग्रुप के साथ मौजूद थीं। अमृता (46) ने बताया कि खान, शकील, अमरोही, खान की पत्नी और अभिनेत्री करीना कपूर खान, अभिनेत्री करिश्मा कपूर, मलाइका, डिजाइनर विक्रम फड़निस और अन्य लोगों ने रेस्टोरेंट में डिनर करने का फैसला किया था।सैफ अली खान के हमले से हुआ था घायलयह मामला मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में दर्ज है। पुलिस ने बताया कि कोलाबा के एक फाइव-स्टार होटल में झगड़े की वजह साउथ अफ्रीका के एक आदमी, इकबाल शर्मा का विरोध था। इकबाल शर्मा ने एक्टर के ग्रुप की तेज आवाज में बातचीत पर आपत्ति जताई थी। जिसके बाद सैफ अली खान ने कथित तौर पर उन्हें और उनके ससुर रमनभाई पटेल को धमकी दी और शर्मा की नाक पर पंच मार दिया, जिससे उनकी नाक में फ्रैक्चर हो गया।अभियोजन पक्ष का दावा2014 में, एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सैफ अली खान, शकील और अमरोही के खिलाफ मारपीट के आरोप तय किए। बाद में, अभियोजन पक्ष ने एक याचिका दायर की। जिसमें कहा गया कि मुंबई पुलिस रिपोर्ट और गवाहों, पटेल और उनकी बेटी ळं४ल्लं रँ१ के बयानों से पता चलता है कि खान और उनके दो दोस्तों ने पटेल पर भी हमला किया था। लेकिन दुर्भाग्य से एक्टर का नाम उन लोगों में शामिल नहीं था जिन्होंने उन पर हमला किया था।मैजिट्रेट कोर्ट ने क्या कहा4 मार्च 2017 को, मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आरोप जोड़ा, '...कि आप आरोपियों ने ऊपर बताई गई तारीख, समय और जगह पर, अपने सामान्य इरादे को आगे बढ़ाते हुए, गवाह रमनभाई पटेल को जानबूझकर चोट पहुंचाई, उनके गाल पर थप्पड़ मारा और उन्हें पीटा, और इस तरह धारा 323 के तहत दंडनीय अपराध किया।'इसके बाद खान ने आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में अपील की। अपनी याचिका में, उन्होंने कहा कि जब 2017 में शिकायतकर्ता (शर्मा) के बयान दर्ज किए गए, तो अभियोजन पक्ष ने उनके और दो अन्य के खिलाफ आरोप में बदलाव करने की याचिका दायर की।

# भुसावल मंडल में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास

## यात्रियों को राहतः यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप बना समय और संसाधन बचाने का सरल साधन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भुसावल मंडल में अनारक्षित टिकट खरीदने की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप यात्रियों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। लगातार जागरूकता अभियानों और डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के कारण, यह ऐप यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो रहा है। यात्रियों के बीच डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूकता फैलाने और मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसके लिए वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों की अथक मेहनत और प्रयासों का श्रेय दिया जा सकता है।इस पहल के अंतर्गत नकद लेन-देन को कम करने और मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयास किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप मंडल में यूटीएस (अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली) ऐप का उपयोग काफी बढ़ गया है।

### वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में यूटीएस मोबाइल ऐप पर टिकट बिक्रीः

वित्तीय वर्ष 2023-24 में यूटीएस मोबाइल ऐप पर कुल टिकटों की संख्या 3,08,956 थी, जिससे 16,94,007 यात्रियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग कर टिकट बुक किया और कुल राजस्व 3 करोड़ 69 लाख रुपये था। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 5,97,340 टिकटों तक पहुंच गया, जिसमें 26,34,769 यात्रियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग कर टिकट बुक किया और कुल 6 करोड़ 61 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप टिकट बिक्री में वृद्धिः 93.34% में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

यात्री संख्या में वृद्धिः 55.53% में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

राजस्व में वृद्धिः 79.29% में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

इस बढ़ी हुई बिक्री और उपयोग का श्रेय भुसावल मंडल में डिजिटल प्लेटफार्मों और मोबाइल ऐप के माध्यम से यात्रियों को दी गई सुविधा और जागरूकता को जाता है। मंडल के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के प्रचार के लिए विशेष रूप से नासिक, भुसावल, अमरावती, अकोला, बडनेरा, जलगांव, शेगांव, मनमाड और खंडवा स्टेशनों पर वाणिज्य कर्मचारियों को रेट्रो-रिफ्लेक्टिव जैकेट प्रदान किये गए है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को यूटीएस मोबाइल ऐप के बारे में जागरूक करना और उन्हें डिजिटल लेन-देन की ओर प्रेरित करना था। इसका सबसे बड़ा लाभ यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट काउंटर की लंबी कतारों से छुटकारा मिला, साथ ही समय की बचत हुई।यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप में यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाएंः अनारक्षित टिकट बुकिंग, सीजन टिकट जारी और नवीनीकरण , पेपर और पेपरलेस टिकट विकल्प , आर-वालेट की बैलेंस चेक और सरेन्डर सुविधा एवं प्रोफाइल अपडेट और बुक किए गए टिकटों का विवरण। भुसावल मंडल द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप जैसी सेवाएं यात्रियों को बिना किसी परेशानी के यात्रा अनुभव प्रदान कर रही हैं। रेल प्रशासन ने अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे मोबाइल टिकटिंग एप्प पर यूटीएस के उपयोग को बढ़ावा दें ।

# राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका, मनसे की मान्यता रद्द करने की मांग

- मनसे कार्यकर्ताओं ने हिंदी बोलने वालों पर हमले किए हैं
- मराठी भाषा के लिए मनसे ने कई आंदोलन चलाए हैं

## राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़ी खबर सामने आ रही है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना(मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। राज ठाकरे ने गुड़ी पड़वा के मौके पर अपने कार्यकताओं को कुछ आदेश दिए थे। राज ठाकरे ने अपने कार्यकताओं को कहा था कि वे जांच करें कि बैंकों, दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों में मराठी भाषा का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं। इसके बाद राज्य भर में मनसे कार्यकताओं ने अलग-अलग बैंकों में जाकर मराठी भाषा के इस्तेमाल पर जोर दिया। इसके बाद उत्तर भारतीय विकास सेना के प्रमुख सुनील शुक्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। उन्होंने आरोप लगाया कि टठर कार्यकर्ता हिंदी भाषियों पर हमला कर रहे हैं और राज ठाकरे के भड़काऊ भाषणों के कारण ऐसा हो रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग से टठर की मान्यता रद्द करने की भी मांग की है।

दरअसल राज ठाकरे के आदेश के बाद मनसे कार्यकर्ता जगह-जगह पहुंचे। कुछ स्थानों पर बैंक कर्मचारियों ने यह रुख अपनाया कि वे मराठी नहीं बोलेंगे। इससे गुस्साए मनसे सैनिकों ने ऐसे कर्मचारियों की पिटाई भी कर दी। इस घटना से बैंक के कर्मचारियों में भय व्याप्त हो गया है। दूसरी ओर मराठी भाषा मंत्री उदय सामंत के आग्रह के बाद राज ठाकरे ने अपने कार्यकताओं से संबंधित आंदोलन वापस लेने की अपील की है। हालांकि एक उत्तर भारतीय संगठन के प्रमुख ने राज ठाकरे के खिलाफ सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। 'टीवी 9 मराठी' ने इस पर रिपोर्ट दी है।राज ठाकरे के खिलाफ याचिका किसने दायर कीमनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह याचिका उत्तर भारतीय विकास सेना के प्रमुख सुनील शुक्ला ने दायर की है।

# राम गणेश गडकरी रंगायतन को मई में ठाणेकरों की सेवा में पेश करें :नरेश म्हस्के

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, ठाणे के गौरव और सांस्कृतिक पहचान वाले सभी रंगमंच कलाकारों के लिए एक उचित मंच बन चुके राम गणेश गडकरी रंगायतन को मई महीने में ठाणेकरों की सेवा में लाने के निर्देश देते हुए, सांसद नरेश म्हस्के ने आज अपने दौरे के दौरान प्रशासन को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए लिफ्ट की सुविधा, थिएटरों और सिनेमाघरों के लिए ध्वनि प्रणाली और ठाणे निवासियों के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था जैसी आधुनिक सुविधाएं तैयार की जा रही हैं और उन्होंने मनपा द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। सांसद ने सभी आवश्यक वस्तुओं को शामिल करने के निर्देश भी दिए ताकि कलाकारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निदेर्शानुसार सांसद नरेश म्हस्के ने आज राम गणेश गडकरी रंगायतन के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरे पर मनपा के सिटी इंजीनियर प्रशांत सोनगरा, उपनगरीय इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) शुभांगी केसवानी, उपयंत्री असावरी सोरटे, कार्यपालन यंत्री भगवान शिंदे आदि उपस्थित थे। संतोष कानेकर, दिगंबर प्रभु, प्रसाद कांबली, अभिनेता विजू माने और थिएटर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के नरेंद्र बेडेकर भी उपस्थित थे ।सम्पूर्ण ऑडिटोरियम के निरीक्षण के दौरान ऑडिटोरियम के पीछे वाले लॉन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार किये जा रहे लिफ्ट स्थल का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार, उन्होंने रंगायतन के सभी शौचालयों का निरीक्षण करते हुए यह भी निर्देश दिए कि शौचालय हर समय साफ-सुथरे रहें। नाटक देखने आने वाले नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा। नाटक देखने आने वाले दर्शकों को निर्देश दिया जाता है कि वे सभागार में भोजन लेकर न आएं, लेकिन चूंकि हर मामले के लिए सख्त नियम बनाना संभव नहीं है, इसलिए नाटक देखने आने वाले दर्शकों को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक होना जरूरी है, ऐसा



सांसद म्हस्के ने उल्लेख किया ।थिएटर के मुख्य सभागार का भ्रमण करते समय बैठने की व्यवस्था आरामदायक होनी चाहिए। सांसद श्री ने यह भी कहा कि मंच पर ध्वनि प्रणाली उत्तम गुणवत्ता की होनी चाहिए तथा मंच पर ध्वनि प्रणाली तथा सभागार में ध्वनि प्रणाली अलग-अलग होनी चाहिए। म्हस्के ने उल्लेख किया। इसी प्रकार उन्होंने दोनों स्थानों पर एयर कंडीशनिंग सिस्टम को भी अलग-अलग रखने के निर्देश दिए। सभागार में प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए तथा बेंचों की ऊंचाई सीमित होनी चाहिए ताकि पहली पंक्ति में बैठे दर्शकों को परेशानी न हो। उन्होंने एक प्रोजेक्टर की व्यवस्था करने का भी सुझाव दिया। सांसदों ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि नवीनीकरण के दौरान यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई थी कि पूरा मंच ऑडिटोरियम की बालकनी से देखा जा सके ।सांसदों ने कलाकारों के लिए प्रयुक्त ग्रीन रूम का निरीक्षण करने के बाद संतोष व्यक्त किया। दर्पण, विद्युत प्रणालियां और वातानुकूलन प्रणालियां इस प्रकार से उपलब्ध कराई जा रही हैं कि एक ही समय में कई कलाकार तैयार हो सकें। अभिनेता विजू माने, प्रसाद कांबली और दिंगबर प्रभु ने बताया कि इस ग्रीन रूम की व्यवस्था, जो महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग है, उत्कृष्ट है ।सांसदों ने यह भी सुझाव दिया कि प्रत्येक मूर्ति के नीचे राम गणेश गडकरी, अन्नासाहेब किर्लोस्कर और बालगंधर्व के नाम और जानकारी प्रकाशित की जाए ताकि ठाणे की नई पीढ़ी को उनके बारे में जानकारी मिल सके ।नाटक के सेट को मंच पर लाने के लिए एक यांत्रिक लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। थिएटर निमार्ताओं की इस पुरानी मांग को नवीनीकरण में ध्यान में रखा गया है और इस लिफ्ट का सांसदों द्वारा निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को नाटककार प्रसाद कांबली और विजू माने द्वारा दिए गए तकनीकी सुझावों को भी इसमें शामिल करना चाहिए ।सांसद नरेश म्हस्के ने इन कार्यक्रमों के लाइव प्रसारण के लिए उच्च गति की उन्नत इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया, क्योंकि रंगायतन में नाटकों के साथ-साथ कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं ।उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में ठाणे बदल रहा है। राम गणेश गडकरी रंगायतन ठाणे के लोगों के लिए गहरी रूचि का विषय है। जब शिवसेना पहली बार ठाणे में सत्ता में आई थी, तो हिंदू हृदय सम्राट, शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने ठाणे के लोगों से वादा किया था कि वह उन्हें एक थिएटर देंगे। वह थिएटर बालासाहेब ने ठाणे के लोगों के लिए दिया था। यह थिएटर महाराष्ट्र राज्य के सभी थिएटरों के लिए एक आदर्श बन गया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस उपहार में आधुनिक तरीके से और क्या दिया जा सकता है, इस बारे में सोचा है, ऐसा सांसद श्री. म्हस्के ने पत्रकारों से बात करते हुए यह बात कही।

फास्ट ट्रैक

## दहेज में बुलेट की मांग, पत्नी को घर से निकाला

### शाहजहांपुर में 4 बीघा जमीन बेचकर की थी बेटी की शादी, कर रहे प्रताड़ित

शाहजहांपु, दहेज की मांग पूरी न होने पर एक पति ने अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया। थाना कटरा की रहने वाली महिला की 9 महीने पहले जैतीपुर के एक युवक से शादी हुई थी। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता ने शादी के लिए 4 बीघा खेत बेचे थे। शादी की रात वह ससुराल में रुककर मायके आ गई थी। एक महीने बाद जब वह विदा होकर ससुराल गई, तो पति



और ससुराल वालों ने बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। पीड़िता ने जब बताया कि पिता पहले ही खेत बेचकर शादी कर चुके हैं और अभी मांग पूरी नहीं हो सकती, तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। मायके वालों को जानकारी मिलने पर पिता ने ससुराल में आकर पंचायत की। पंचायत में ससुराल पक्ष ने कुछ नहीं कहा, लेकिन पिता के जाते ही पति ने मारपीट शुरू कर दी। दो महीने पहले पति ने मारपीट कर पीड़िता को घर से निकाल दिया। अब उसे धमकी दी जा रही है कि बिना दहेज के ससुराल आने पर जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला

### सीनियर छात्रों ने जूनियर को घर से खींचकर सड़क पर पीटा

शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का एक गंभीर मामला सामने आया है। बीएससी नर्सिंग के सीनियर छात्रों ने एक जूनियर छात्र को उसके घर से खींचकर सड़क पर पीटा। बिहार के रहने वाले बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र चंद्रप्रकाश शाहजहांपुर के नवादा इंदेपुर में किराए के मकान में रहते हैं। सोमवार शाम को जिगनेरा स्थित मेडिकल कॉलेज से बस में




लौटते समय द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। बस में मौजूद अन्य छात्रों ने उस समय मामला शांत करा दिया। देर रात सीनियर छात्र अपने साथियों के साथ चंद्रप्रकाश के घर पहुंचा। उन्होंने छात्र को मकान से बाहर खींचकर सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना के दौरान कुछ जूनियर छात्र मौके पर पहुंचे और घायल चंद्रप्रकाश को पुलिस चौकी ले गए। वहां से उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजा गया। पीड़ित छात्र ने बताया कि कुछ समय पहले भी आरोपी ने कॉलेज में उनकी रैगिंग की थी। विरोध करने पर मारपीट की गई थी। प्राचार्य से शिकायत की गई थी। आरोपी ने माफी मांग ली थी, लेकिन रैगिंग जारी रखी। कोतवाली प्रभारी राजीव तोमर ने कहा कि छात्र को मामूली चोटें आई हैं। अस्पताल में उनका मेडिकल किया जा रहा है।

# आधुनिक तकनीक का उपयोग समय की मांग : रोहन घुगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री के 100 दिवसीय सात सूत्री कार्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला परिषद के कर्मचारियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। इस अवसर पर आधुनिक तकनीक का उपयोग समय की मांग है। प्रशासनिक कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग आवश्यक है और जिला परिषद के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को इसका प्रशिक्षण लेना चाहिए। दैनिक कार्यों में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर कार्य को नए स्तर पर ले जाने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसके लिए, हम सभी के लिए खुशी की बात है कि कॉग्नीडॉल्फ कंपनी के संस्थापक मयूर तांबे और क्लाउडटेल्स कंपनी के सह-प्रबंधक स्वप्निल बावा ने हमें मार्गदर्शन देने की पहल की है, ऐसा जिला परिषद के सीईओ रोहन घुगे ने कहा ।उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य प्रशासन विभाग) अविनाश फड़तरे ने परिचय देते हुए कहा कि, 100 दिवसीय कार्य कार्यक्रम के तहत जिला




परिषद द्वारा विभिन्न गतिविधियां कार्यान्वित की जा रही हैं और काम में गति, पारदर्शिता लाने और सार्वजनिक उपयोगिता वाले काम को कुशल तरीके से करने के लिए कर्मचारियों को काम करते समय आधुनिक तकनीक का उपयोग करने का प्रशिक्षण देना महत्वपूर्ण है। यह प्रशिक्षण सभी कर्मचारियों को काम करते समय आने वाली कई कठिनाइयों को दूर करने में मदद करेगा ।सॉफ्टवेयर डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन करने वाली कंपनी कॉग्निडॉल्फ के संस्थापक मयूर तांबे और क्लाउडटेल्स के सह-प्रबंधक स्वप्निल बावा ने सरकारी कार्यों में विभिन्न आधुनिक तकनीकों, जैसे कैनवा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, चैट जीपीटी, क्लाउड, आइडियो ग्राम और अन्य एआई टूल्स के उपयोग पर उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कर्मचारियों को तकनीकी कठिनाइयों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया गया ।इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजिंक्य पवार, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसएपी) अविनाश फड़तरे, मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी वैजनाथ बुराडकर, शिक्षणाधिकारी (माध्यमिक) ललिता दहीतुले, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे, पशुपालन विभाग प्रमुख डॉ. समीर तोडणकर, कार्यकारी अभियंता प्रकाश सासे, जिला कृषि अधिकारी एम.एम. बछोटीकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी उज्ज्वला सपकाले, साथ ही कॉग्नीडॉल्फ व क्लाउडटेल्स के प्रशिक्षक मिहिर लोहकरे, रोहन फोन्सेका, आइशा शेख, पल्लवी ठाकुर, जिला परिषद के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूरा करने की योजना के लिए उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फड़तरे और सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक बहुत ही उपयोगी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सरकारी कामकाज में बहुत उपयोगी होगा और कम समय में अधिकतम काम करने में मदद करेगा। साथ ही, कार्य में अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बहुत उपयोगी प्रशिक्षण भी लागू किया गया है। इससे कम समय में अधिक कार्य करने तथा जनसेवा कार्य करने में सहायता मिलेगी। यह बात कनिष्ठ सहायक लेखाकार (वित्त विभाग) गंगाधर बोरकर ने कहा है।

## कर्जत-खालापुर के शिवसेना आमदार महेंद्र थोरवे को समर्थकों ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. कर्जत-खालापुर के शिवसेना (शिंदे गुट ) के आमदार महेंद्र थोरवे के जन्मदिन 7 अप्रैल के उपलक्ष्य में कर्जत नदी के किनारे प्रति आलंदी पंढरपुर मंदिर परिसर में सुप्रसिद्ध भजन गायिका मैथिली ठाकुर का भक्ति स्वर संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंबरनाथ निवासी संदीप दास, गुरु महंत तेज नारायणदास बैरागी तथा अधिवक्ता मिलिंद पाठक ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर आमदार महेंद्र थोरवे को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मैथिली ठाकुर के कार्यक्रम में श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर भजनसंध्या का आनंद उठाया।

## शिवसेना यूबीटी ने अंबरनाथ शहर की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए नपा मुख्याधिकारी को दिया ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार 8 अप्रैल को अंबरनाथ शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए नपा मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड को ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। यूबीटी शिवसेना प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में मांग की है कि वर्तमान में अंबरनाथ शहर की साफ सफाई की व्यवस्था चिंताजनक है। जगह जगह कूड़े के ढेर दिखाई देते है, अतः सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए और घंटा गाड़ियों की उचित व्यवस्था कर शहर को कचरा मुक्त बनाया जाए। गंभीर महामारियों से बचने के लिए नियमित रूप से दवा का छिड़काव और फॉगिंग की व्यवस्था की जाए ।अंबरनाथ शहर के विभिन्न स्थानों पर अधूरे पड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। प्री-मानसून की तैयारियों को लेकर नालों की सफाई की जाए और उसमें जमा होने वाले बारिश के पानी के संबंध में समुचित योजना बनाई जाए ताकि जलभराव और बाढ़ की समस्या से बचा जा सके। बी केबिन रोड अंबरनाथ पूर्व और डी.एम सी रोड अंबरनाथ पश्चिम को जोड़ने वाला एक सबवे को साफ करके पुनः इसे सुचारू रूप से चालू किया जाए। बिल्डिंगों के पुनर्विकास के नाम पर सिर्फ खानापूरी नहीं की जाए और इस कार्य में शिथिलता डालने वाले और सुरक्षा मानकों का ध्यान न रखने वाले ठेकेदारों के प्रति कार्यवाही की जाए ।लोकनगरी स्थित बंद पड़ी पानी की टंकी को ठीक करवाकर दुबारा सही से चालू करवाया जाए ।ज्ञापन देने वालों में शिवसेना यूबीटी के कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोड़ारे, महिला जिला संगठिका अंजलि निशिकांत राउत, उप जिला समन्वयक रेशमा अजित काले, शहर समन्वयक निशिकांत राउत, शहर संघटक रमेश डोंगरे, शहर प्रमुख पश्चिम एडवोकेट संदीप पगारे, शहर प्रमुख पूर्व अजीत काले और काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंबरनाथ में मजीप्रा ने जलापूर्ति में कटौती का कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.बढ़ते तापमान और पानी के भंडारण क्षमता को देखते हुए शहरवासियों को आगामी जून माह तक जलापूर्ति करने के लिए महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (मजीप्रा) ने अंबरनाथ शहर में पानी में कटौती का फैसला लागू किया है ।सोमवार को मजीप्रा ने इस वर्ष पूरे ग्रीष्मकाल में चक्रीय रूप से अंबरनाथ पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में पानी की कटौती लागू करने का पूरा प्लान प्रस्तुत किया है। इस प्लान के मुताबिक शहर के पश्चिम भाग में दिन में और पूर्वी भाग में रोजाना अलग-अलग इलाकों में पानी की कटौती की जाएगी।

मजीप्रा के सर्कुलर के अनुसार विभागवार योजनासोमवार- अंबरनाथ पूर्व : बी-केबिन रोड, दत्त कुटीर, वडवली बाजार, ताड़वाड़ी, विमको सोसाइटी, दशनाम गोसावी सोसायटी मंगलवार- हल्या पाड़ा, ए.एम.पी. गेट (रेलवे परिक्षेत्र), सोशल सर्विस सोसायटी, उत्कर्ष सोसायटी,पुरजीवन सोसायटीबुधवार - कानसई विभाग,कानसई गाव,ए.एम.पी.गेट परिसर भिडेवाडी,गुरुवार - खेर सेक्शन, मोतीराम गार्डन, शिवबसव नगरशुक्रवार - साई विभाग,मोहन पुरम, देवप्रकाश गार्डनशनिवार- स्टेशन परिसर, टेलीफोन एक्सचेंजरविवार- शिवगंगानगर, फार्मिंग सोसायटी, मे फ्लॉवर गार्डन, शिवधाम कॉम्प्लेक्स

# किसानों की फसल को लगी आग

### तेज हवाओं के चलते 3 एकड़ गेहूं जलकर राख, डेढ़ घंटे बाद पाया काबू

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , बंडा थाना क्षेत्र के बरगदा गांव में अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस हादसे में 3 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेतों में मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आधे घंटे की कोशिश के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार, फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बावजूद कोई गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक



किसानों की साल भर की मेहनत जलकर राख हो चुकी थी। घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई, परंतु मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि राजस्व कर्मचारियों को मौके पर भेजा जाएगा और नुकसान का आकलन कराया जाएगा।

## ससुराल में मारपीट से आहत युवक ने लगाई फांसी

### भाई बोला-मेरा रिजल्ट देखकर मिठाई बाटने का कहा और गुड बाय बोलकर चले गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक निशांत की शादी चार साल पहले सिंधौली के सकुलिया गांव की मंजू से हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। पत्नी आए दिन दहेज के मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। चार दिन पहले विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई थी। निशांत अपनी साली के तिलक समारोह में गया था। मृतक के भाई अंकित के अनुसार, ससुराल वालों ने



निशांत के साथ मारपीट की। घर लौटकर उसने परिवार को अपनी चोटें भी दिखाईं। शादी में मिली बाइक को ससुर ले गए और बेच दिया था। निशांत उनसे बाइक के पैसे मांग रहा था। घटना के दिन अंकित की 11वीं कक्षा का रिजल्ट आया था। निशांत भाई का रिजल्ट देखकर बहुत खुश हुए। उन्होंने मिठाई बांटने को कहा और गुड बाय बोलकर चले गए। रात में कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# अपराधियों पर कड़ी निगरानी

### अपराधियों की निगरानी के लिए 22 टीमें गठित, जेल से बाहर आने वालों ने की ज्यादा घटनाएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुलिस ने एक नई पहल की है। एसपी राजेश द्विवेदी ने क्रिमिनल ट्रेकिंग सेल (सीटीसी) का गठन किया है।

इस सेल के तहत 22 विशेष टीमें बनाई गई हैं। जिले के हर थाने में एक टीम तैनात की जाएगी। प्रत्येक टीम में दो आरक्षी होंगे। ये टीमें जमानत पर छूटे अपराधियों पर नजर रखेंगी। खासतौर पर पिछले पांच साल से अपराध की दुनिया में सक्रिय अपराधियों को विशेष निगरानी में रखा जाएगा। पुलिस की समीक्षा में पाया गया है कि जमानत पर छूटे अपराधियों ने ज्यादा अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। इसलिए इन पर विशेष नजर रखी जाएगी। टीमें चिह्नित अपराधियों की पहचान और सत्यापन करेंगी। निगरानी में गुंडा




अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम, शस्त्र अधिनियम के अपराधी शामिल होंगे। साथ ही चोरी, वाहन चोरी, हत्या, गैर इरादतन हत्या, एनडीपीएस और गौवध अधिनियम के अपराधियों पर भी नजर रखी जाएगी। हिस्ट्रीशीटर्स भी निगरानी में रहेंगे।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस व्यवस्था से अपराधियों की हर गतिविधि की जानकारी पुलिस को मिलती रहेगी। इससे अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## सीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जलालाबाद क्षेत्र के गुनारा निवासी अजीम ने पुलिस अधीक्षक को एक पत्र भेजा था। इस पत्र में दो भाइयों नफीम और आबिद के नाम से सीएम को धमकी दी गई थी। पूछताछ में अजीम ने बताया कि उसकी भाभी ने प्रधानी का चुनाव लड़ा था। नफीम और आबिद ने विरोधी प्रत्याशी का समर्थन किया था। इसके अलावा एक मुकदमे में दोनों भाइयों ने लेखपाल के पक्ष में गवाही दी थी। अजीम ने बदला लेने के लिए एक योजना बनाई। उसने दोनों भाइयों के नाम से धमकी भरा पत्र लिखा। पत्र में उन्हें आईएसआई एजेंट बताया और पाकिस्तान से जुड़े होने का झूठा आरोप लगाया।

भारत संवाद परिवार


1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# शेख हसीना बोलीं- अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से बचाया

## अपराधियों को कटघरे में लाऊंगी, बांग्लादेश अब आतंकी देश बना

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। अवामी लीग की अध्यक्ष हसीना ने यह बात उस वक्त कही जब वो सोशल मीडिया पर अपने पार्टी नेताओं के परिवार वालों से बात कर रही थीं। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश छोड़ने के बाद से वे भारत में शरण लेकर रह रही हैं। हसीना ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लेकर कहा कि वो ऐसा शख्स है जिसे लोगों से कभी मोहब्बत नहीं थी। यूनुस ने गरीबों को छोटे-छोटे कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर दिए और इस पैसे से कई देशों में ऐशोआराम की जिंदगी जी। हसीना ने कहा कि उस वक्त हम यूनुस की




चालाकी नहीं समझ पाए, इसलिए उसकी मदद करते रहे। लेकिन इससे लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ, सिर्फ वह अमीर होता गया। बाद में उसमें सत्ता की भूख पैदा हो गई, जो आज बांग्लादेश को जला रही है। हसीना ने कहा- बांग्लादेश अब आतंकी देश बन गया शेख हसीना ने कहा कि पहले बांग्लादेश को विकास के मॉडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चैनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा। हसीना बोलीं- अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा, मैं लौटकर आऊंगी अपने पूरे परिवार की भयानक हत्या को याद करते हुए शेख हसीना ने कहा, मैंने अपने पिता, मां, भाई- सभी को एक ही दिन में खो दिया। और फिर हमें देश लौटने भी नहीं दिया गया। मैं जानती हूं अपनों को खोने का दर्द क्या होता है। अल्लाह हमेशा मेरी हिफाजत करता आया है, शायद वह मुझसे कुछ अच्छा करवाना चाहता है। जिन्होंने ये जघन्य अपराध किए हैं, उन्हें सजा जरूर मिलनी चाहिए। यही मेरा वादा है। शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। दरअसल, उनके खिलाफ देशभर में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था। लेकिन इसके बाद छात्र उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अंतरिम सरकार की स्थापना की गई। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं।

# नेतन्याहू ट्रंप की हो रही थी मुलाकात

## इधर गाजा पर बरस रहे थे बम, 32 लोगों की मौत

एजेंसी

गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में एक दर्जन से अधिक महिलाओं और बच्चों सहित 32 लोग मारे गए। हिंसा की यह नई घटना ऐसे समय में हुई है जब इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए अमेरिका जा रहे हैं। पिछले महीने इजरायल ने हमास के साथ अस्थायी युद्धविराम समाप्त करने के बाद अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू किया, एक रणनीतिक प्रयास के तहत महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया ताकि आतंकवादी समूह पर नए



युद्धविराम समझौते को स्वीकार करने और शेष बंधकों को रिहा करने के लिए दबाव डाला जा सके। इसके अलावा, इजरायल ने तटीय क्षेत्र पर एक महीने से अधिक समय तक नाकाबंदी लागू की है, जिससे पहले से ही बाहरी सहायता पर निर्भर क्षेत्र में भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता की महत्वपूर्ण आपूर्ति बाधित हुई है। रविवार देर रात तनाव और बढ़ गया जब इजरायली सेना ने मध्य गाजा के डेर अल-बलाह में कई इलाकों को खाली करने का आदेश दिया। यह निर्देश गाजा से लगभग 10 प्रोजेक्टाइल लॉन्च किए जाने के तुरंत बाद आया। सेना ने कहा कि लगभग पांच को रोका गया। हमास की सैन्य शाखा ने जिम्मेदारी ली। पुलिस ने कहा कि अश्कलोन शहर में एक रॉकेट गिरा और कई अन्य क्षेत्रों में उसके टुकड़े गिरे। मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हुआ है। सेना ने बाद में कहा कि इसने गाजा में एक रॉकेट लांचर को निशाना बनाया। नासिर अस्पताल के अनुसार, रविवार रात को इजरायली हमलों ने दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक तंबू और एक घर को निशाना बनाया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए। एक बच्चे का शव आपातकालीन स्ट्रेचर के एक छोर पर पड़ा था।

मृतकों में एक महिला पत्रकार भी शामिल है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में जबालिया शरणार्थी शिविर में इजरायली गोलाबारी में कम से कम चार लोग मारे गए। एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार के अनुसार, एक बच्चे और तीन महिलाओं सहित सात लोगों के शव डेर अल-बलाह के अल-अक्सा शहीद अस्पताल में पहुँचे।

# चीन बोला- ट्रेड वॉर हुआ तो हम तैयार

## अमेरिकी टैरिफ का असर होगा, पर आसमान नहीं गिरेगा; ट्रम्प ने 50% एक्स्ट्रा टैरिफ की धमकी दी

एजेंसी

बीजिंग, अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड वॉर की संभावना बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर चीन अमेरिका पर लगाया गया 34% टैरिफ वापस नहीं लेता है तो उस पर बुधवार से 50% एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। इसे लेकर चीन ने कहा है कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है। इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा। चीन ने दुनिया के लिए साफ संदेश भेजा था- ह्यअगर ट्रेड वॉर हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है- और इससे और मजबूत होकर निकलेगा।' चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली ने रविवार को एक टिप्पणी में लिखाः 'अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन 'आसमान नहीं गिरेगा।' चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता बाजार होने के नाते, चीन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बदलने के बावजूद दुनिया के लिए अपने दरवाजे खोलता रहेगा।' चीन के वाणिज्य मंत्रालय के उपमंत्री लिंग जी ने रविवार को अमेरिका से फंडिंग पाने वाली 20 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात



की। इनमें टेस्ला और जीई हेल्थकेयर जैसी बड़ी कंपनियां शामिल थीं। लिंग ने चीन को निवेश के लिए एक 'आदर्श, सुरक्षित और संभावनाओं से भरा हुआ' स्थान बताया। ट्रम्प ने सोमवार को कहा, 'मैंने चेतावनी दी थी कि कोई भी देश जो अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा, उसे तुरंत नए और काफी ज्यादा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, जो शुरूआत में तय किए गए टैरिफ से ज्यादा होंगे। इसके अलावा हमारी चीन के साथ तय बैठकों को रोक दिया जाएगा और वो अन्य देशों, जिन्होंने बैठकों का अनुरोध किया है, उनसे बातचीत तुरंत शुरू हो जाएगी।' ट्रम्प किसी भी देश पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ को नहीं रोकेंगे। व्हाइट हाउस ने उन सभी खबरों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि ट्रम्प चीन को छोड़कर सभी देशों पर 90 दिनों तक रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने पर विचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय यूनियन (ईयू) अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है। ईयू ने अमेरिका को इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स पर टैरिफ हटाने की पेशकश की है। ब्रुसेल्स में बोलते हुए उसुर्ला ने कहा कि इन टैरिफ की वजह से सबसे पहले अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यापारियों को भारी लागत उठानी पड़ती है, लेकिन इनका दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ता है।


ट्रम्प बोले- अमेरिका में कोई महंगाई नहीं ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि ग्लोबल मार्केट में भारी गिरावट के बावजूद अमेरिका में कोई महंगाई नहीं है। उन्होंने पिछले अमेरिकी नेताओं पर आरोप लगाया कि उनकी गलत नीतियों की वजह से चीन जैसे देशों को अमेरिका का फायदा उठाने का मौका मिला। दुनिया भर के बाजारों में जारी गिरावट पर बोलते हुए ट्रम्प ने कहा कि तेल की कीमतें कम हो गई हैं, ब्याज दरें घट गई हैं, फूड प्रोडक्ट्स की कीमतें घट गई है, कोई महंगाई नहीं है।

# इंडोनेशिया में तेज भूकंप के झटकों से कांपी धरती

## 5.9 मापी गई तीव्रता, दहशत में आए लोग


एजेंसी

जकार्ताः इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, मंगलवार की सुबह इंडोनेशिया के पश्चिमी आचे प्रांत में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। शुरू में, एजेंसी ने भूकंप की तीव्रता 6.2 बताई, लेकिन बाद में इसे कम कर दिया गया। हालांकि इस भूकंप से किसी तरह के कोई नुकसान की सूचना अबतक नहीं मिली है। एजेंसी के मुताबिक मंगलवार को जकार्ता के समयानुसार सुबह 2:48 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र सिम्यूलु रीजेंसी में सिनाबंग शहर से 62 किमी दक्षिण-पूर्व में समुद्र तल से 30 किमी नीचे स्थित था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई, क्योंकि भूकंप से समुद्र में बड़ी लहरें उठने की संभावना नहीं थी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी जोपान ए ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया, ₹भूकंप प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर सिम्यूलु रीजेंसी में, जो सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, वहां फिलहाल कोई गंभीर क्षति या हताहत होने की सूचना नहीं



है।₹ बता दें कि इंडोनेशिया एक द्वीपसमूह राष्ट्र है, जो भूकंपीय रूप से सक्रिय प्रशांत रिंग ऑफ फायर पर स्थित होने के कारण भूकंप के प्रति संवेदनशील है। देश में 127 सक्रिय ज्वालामुखी हैं और इस वजह से यहां लगातार टेक्टोनिक गतिविधि भी जारी रहती हैं।

# 7 मौत के आरोपी फर्जी डॉक्टर नरेंद्र जॉन को जिला कोर्ट में किया गया पेश, आरोपी को 5 दिन की रिमांड पर भेजा



एजेंसी

दमोह के मिशन हॉस्पिटल में हार्ट सर्जरी कर 7 लोगों की जान लेने वाले फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ एन जॉन कैम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को यूपी से गिरफ्तार कर देर रात दमोह लाया गया। आरोपी को मंगलवार के दिन जिला कोर्ट में पेश किया गया। नरेंद्र जॉन कैम को पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दमोह जिला कोर्ट में नकली डॉ. के साथ मारपीट भी हुई है। आरोपी को भीड़ से बचाने के चलते पुलिसकर्मी गाड़ी से गिर गए। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में फर्जी सर्जन एन जॉन कैम उर्फ डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को गिरफ्तार किया गया है। उस पर खुद को योग्य सर्जन बताकर सात मरीजों की जान लेने का आरोप है। दमोह के मिशन अस्पताल में दो महीने के कार्यकाल के दौरान उसने करीब 70 मरीजों की जांच की और 13 सर्जरी की। कैम को भोपाल स्थित एक एजेंसी के माध्यम से भर्ती किया गया था और उसे 8 लाख रुपये मासिक वेतन मिलता था। उसने अस्पताल को फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए, जिनमें मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल अधिनियम, 1987 के तहत आवश्यक पंजीकरण विवरण नहीं था। उसने जो मेडिकल पंजीकरण संख्या

**उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में फर्जी सर्जन एन जॉन कैम उर्फ डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को गिरफ्तार किया गया है। उस पर खुद को योग्य सर्जन बताकर सात मरीजों की जान लेने का आरोप है। दमोह के मिशन अस्पताल में दो महीने के कार्यकाल के दौरान उसने करीब 70 मरीजों की जांच की और 13 सर्जरी की।**

प्रदान की, जिसे आंध्र प्रदेश मेडिकल काउंसिल द्वारा जारी किया गया था, वह अवैध पाई गई। फर्जी मेडिकल लाइसेंस, हार्ट सर्जरी के बाद मरीजों की मौतयह जांच कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देशन में शुरू की गई थी। डॉ. एम.के. जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विशाल शुक्ला और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रांत सिंह चौहान की तीन सदस्यीय टीम ने जांच की। उन्होंने पाया कि कैम द्वारा की गई प्रक्रियाओं के बाद कई मरीजों की मौत हो गई थी और उनकी योग्यता में महत्वपूर्ण विसंगतियां सामने आईं। जब जांच दल ने मिशन अस्पताल में कैम को खोजने का प्रयास किया, तो उन्हें बताया गया कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। उनके प्रमाण-पत्रों की आगे की जांच से पता चला कि आंध्र प्रदेश मेडिकल काउंसिल से उनके प्रमाण-पत्र पर पंजीकरण संख्या अमान्य थी, जिसका ऑनलाइन डेटाबेस में कोई मिलान रिकॉर्ड नहीं था।

# 'वक्फ बिल अपनी विफलताओं को छिपाने का एक तरीका है'

## अखिलेश यादव का केंद्र पर निशाना

**अखिलेश ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा की हार होगी। भाजपा पीडीए की एकता का सामना नहीं कर सकती। इसके अलावा, समाजवादी पार्टी प्रमुख ने कहा कि सरकार प्रमुख सार्वजनिक मुद्दों पर जवाब नहीं देना चाहती है और कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हर निर्णय ले रही है।**



एजेंसी

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वक्फ संशोधन कानून भाजपा की नाकामियों को छिपाने का एक तरीका है, जिसे उनकी योजनाओं की नाकामियों को छिपाने के लिए लाया गया है। जौनपुर में मीडिया से बात करते हुए यादव ने कहा कि वक्फ बिल उनकी नाकामियों को छिपाने का एक तरीका है। वे अपनी योजनाओं की नाकामियों को छिपाने के लिए ऐसे कानून लाए हैं। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा में भी इसे स्वीकार नहीं किया। अखिलेश ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा की हार होगी। भाजपा पीडीए की एकता का सामना नहीं कर सकती। इसके अलावा, समाजवादी पार्टी प्रमुख ने कहा कि सरकार प्रमुख सार्वजनिक मुद्दों पर जवाब नहीं देना चाहती है और कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हर निर्णय ले रही है। अखिलेश यादव ने कहा, वे महंगाई पर जवाब नहीं देना चाहते हैं और बेरोजगारी दर में काफी वृद्धि हुई है। वे जवाब नहीं देना चाहते हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। सरकार कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हर निर्णय ले रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री को कुछ नहीं पता। वह कह रहे हैं कि तीन साल में वह गरीबी मिटा देंगे, यानी गरीबी शून्य हो जाएगी। वे जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट खुद कहता है कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सिविल विवादों को आपराधिक मामलों में बदलने की बेतुकी प्रथा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने इस तरह की प्रथा को गलत, बेतुका और शीर्ष अदालत द्वारा पहले के फैसले में जारी दिशा-निर्देशों के विपरीत बताया। इसने स्पष्ट किया कि पैसा लेना और वापस न करना कोई आपराधिक कृत्य नहीं है। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सवाल उठाते हुए पोस्ट में कहा, जब देश के नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने को मजबूर हैं तो दूसरों के लिए नागरिकता कानून लाने से क्या होगा यादव ने कहा, जनता अब भटकावे की राजनीति का भाजपाई खेल समझ चुकी है। सपा प्रमुख ने सरकार से यह सवाल भी किया, भाजपा सरकार ये बताए कि उनके 10 साल के कार्यकाल में लाखों नागरिकों ने देश की नागरिकता क्यों छोड़ दी। चाहे कुछ हो जाए कल चुनावी बॉण्ड का हिसाब तो देना ही पड़ेगा और फिर राहत कोष का भी।

# उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में भीषण गर्मी की आशंका

## आईएमडी ने दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र के लिए अलर्ट जारी किया

**भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार तक के लिए येलो अलर्ट बढ़ा दिया है, जिसके चलते मंगलवार को भी दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। राजधानी में सोमवार को मौसम की पहली लू चली, जिसमें तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।**



एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार तक के लिए येलो अलर्ट बढ़ा दिया है, जिसके चलते मंगलवार को भी दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। राजधानी में सोमवार को मौसम की पहली लू चली, जिसमें तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बुधवार तक लू चलने की संभावना है, लेकिन गुरुवार से मौसम में बदलाव हो सकता है, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है। भारत में भीषण गर्मी अगले कुछ दिनों में उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के कई इलाकों में पड़ने वाली है। मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की है और कई राज्यों के लिए लू की चेतावनी जारी की है। हालांकि, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा या आंधी आने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की नवीनतम चेतावनी में कहा गया हैः ₹पश्चिम में अधिकांश स्थानों पर, पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर और पंजाब, हरियाणा में कुछ स्थानों पर लू से लेकर भीषण लू की स्थिति रहेगी। हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर लू की स्थिति रहेगी। पश्चिमी राजस्थान में कई स्थानों पर और पंजाब, हरियाणा और पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर रात गर्म रहेगी।


# भारत-यूएई के संबंधों को नई उड़ान, जयशंकर ने किया क्राउन प्रिंस का जोरदार स्वागत

**विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि दुबई के क्राउन प्रिंस के तौर पर हमदान बिन मोहम्मद की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा है. इस दौरे पर उनके साथ कई प्रमुख मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और व्यापार जगत के नेताओं का एक प्रमुख प्रतिनिधिमंडल भी है. उनका दौरा भारत-यूएई साझेदारी की बढ़ती गहराई और उनके बढ़ते रणनीतिक दायरे को आगे बढ़ा रहा है.**

## क्राउन प्रिंस भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे

एजेंसी

नई दिल्लीः पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत-यूएई के संबंधों को नए पंख लग गए. दो दिवसीय भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे यूएई के क्राउन प्रिंस का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जोरदार स्वागत किया.यूएई के क्राउन प्रिंस, हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के भारत पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जोरदार स्वागत किया. क्राउन प्रिंस भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं. एक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने उनके आगमन पर गर्मजोशी व्यक्त की और कहा कि वह भारत और यूएई के बीच व्यापक



सहयोग और जीवंत संबंधों पर क्राउन प्रिंस की सकारात्मक भावना को महत्व देते हैं.गौर करें तो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर दुबई के क्राउन प्रिंस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री, हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम, 8 से 9 अप्रैल तक भारत की यात्रा पर रहेंगे. नई दिल्ली पहुंचने पर क्रॉउन प्रिंस का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया. इस दौरान केंद्रीय पर्यटन और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने उनकी अगवानी की.दिल्ली के बाद मुंबई जाएंगे क्रॉउन प्रिंस क्राउन प्रिंस राजधानी नई दिल्ली में कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुंबई जाएंगे और वहां पर शीर्ष भारतीय और अमीराती व्यापारिक नेताओं के साथ एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे.इस गोलमेज सम्मेलन के जरिए बुनियादी ढांचे और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों के साथ-साथ फिनटेक, नवाचार और स्थिरता जैसे उभरते क्षेत्रों में व्यापार और निवेश बढ़ाने पर चर्चा होगी. दोनों देशों के बीच इस बातचीत का मकसद आर्थिक सहयोग में तेजी लाना और दोनों देशों के बीच एक प्रगतिशील वाणिज्यिक साझेदारी को आकार देना है.गौर करें तो दुबई लंबे समय से यूएई के साथ भारत के वाणिज्यिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है. वहीं एक अनुमान के मुताबिक अमीरात में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 43 लाख है. इनमें से अधिकतर भारतीय प्रवासी दुबई में रहते हैं. इस यात्रा से भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने और दुबई के साथ भारत के संस्थागत और जमीनी स्तर के संबंधों को परवान चढ़ने की उम्मीद है.

## संक्षेप

### जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था फेल

**बांदा में एसपी आवास के सामने अस्पताल में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

बांदा, जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। एसपी आवास के सामने स्थित अस्पताल में एक चोर ने महिला तीमारदार का मोबाइल चोरी कर लिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिला अस्पताल में पुलिस चौकी होने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी साबित हुई है। रात के समय पुलिसकर्मी नियमित गश्त भी नहीं कर रहे हैं। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन और जिला अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा के दावे खोखले साबित हुए हैं। शहर के मुख्य क्षेत्र में स्थित जिला अस्पताल में इस तरह की घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता का माहौल है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**बांदा से बिसंडा की ओर जा रहे थे बाइक सवार, दूसरा घायल**

बांदा, बिसंडा में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। बांदा से बिसंडा की ओर जा रहे दो बाइक सवारों को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरे बाइक सवार को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के कारणों और ट्रैक्टर चालक की पहचान का पता लगाया जा रहा है।

### डीआईजी ने सुनीं पुलिस कर्मियों की शिकायतें

**अधिकारियों के साथ बैठक, महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर जोर**

अमरोहा, मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में अमरोहा के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद समेत जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी शामिल हुए। डीआईजी ने आने वाले त्योहारों के लिए विशेष सुरक्षा निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी कार्यक्रम स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। माफिया, डकैती, लूट और गौ-तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अपराध नियंत्रण की समीक्षा अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण और विवेचना निस्तारण की समीक्षा की। गैंगस्टर और ऑपरेशन कनविक्शन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। फुट पेट्रोलिंग बढ़ाने और मानव संपदा पोर्टल को नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए गए।

# गोशालाओं में अचानक पहुंचे कृषक समृद्धि आयोग के अधिकारी

**प्रयागराज के मांडा और देवरी में 679 गोवंश की स्थिति परखी, व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, यमुनापार क्षेत्र में स्थित मांडा खास और देवरी की गौशालाओं का कृषक समृद्धि आयोग के अधिकारी कुलजीत सिंह ने औचक निरीक्षण किया। मांडा खास गौशाला में 350 गोवंश मिले। अधिकारी ने यहां कर्मचारियों से खानपान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद देवरी गौशाला पहुंचे, जहां 329 गोवंशों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने गोवंशों को फल खिलाकर आशीर्वाद भी लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने भूसा, पानी, साफ-सफाई, स्वास्थ्य व्यवस्था और चारदीवारी के निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंशों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। गर्मी के मौसम में समय पर चारा-पानी उपलब्ध कराने को कहा। गौशालाओं के प्रधानों से चर्चा में अधिकारी ने बताया कि व्यवस्थाओं के लिए प्रति माह लाखों रुपये का बजट भेजा जाता है। निरीक्षण में कोई कमी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशालाओं की व्यवस्थाओं का दोबारा निरीक्षण किया जाएगा।

इस दौरान मांडावी शरण द्विवेदी, बृजेश द्विवेदी, प्रमोद पांडेय, जयशंकर, सतीश पांडेय, राजन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बीएसए ने सेंट जोसफ कॉलेज को भेजी नोटिस

**मान्यता व बिना निर्धारित योग्यता वाले शिक्षक पढ़ा रहे बच्चों को, बीएसए ने 31 सवालों पर तलब किया जवाब**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, नामचीन स्कूलों में शामिल सेंट जोसफ कॉलेज को बीएसए (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) प्रवीण कुमार तिवारी ने नोटिस भेजी है। स्कूल की मान्यता व बिना योग्य डिग्री के शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने समेत 31 सवालों के जवाब बीएसए ने स्कूल प्रशासन से मांगे हैं। दरअसल, एक शिकायत को संज्ञान लेते हुए बीएसए ने यह नोटिस भेजी है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है स्कूल के स्थापना वर्ष 1884 से यह बिना मान्यता के संचालित हो रहा है। वहीं, इस सवाल पर स्कूल के फादर ने दैनिक भास्कर से कहा, कि 1884 से यह विद्यालय चल रहा है, बिना मान्यता के तो चलेगा नहीं।




बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन को नोटिस भेजकर मान्यता समेत अन्य डाक्यूमेंट साक्ष्य के साथ मांगे गए हैं लेकिन विद्यालय की तरफ से अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है।

# अवैध ई-रिक्शा पर कार्रवाई



**55 वाहनों का चालान, 75 हजार रुपये का जुर्माना वसूला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। परिवहन आयुक्त और एसपी के निर्देश पर यातायात विभाग ने अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा और टैक्सी के खिलाफ अभियान चलाया। यातायात प्रभारी शोभनाथ राम ने 7 अप्रैल 2025 को मुसाफिरखाना क्षेत्र में यह कार्रवाई की। अभियान में बिना पंजीकरण चल रहे 55 ई-रिक्शा और टैक्सी का चालान किया गया। इन वाहनों पर कुल 75 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। नियमों के पालन की अपील यातायात विभाग के अनुसार, अनधिकृत वाहनों के खिलाफ यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करेगी। इससे यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी। विभाग ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# धार्मिक और सामान्य शिक्षा का विशेष कार्यक्रम

**ईरानी प्रोफेसर की अध्यक्षता में 5 दिवसीय क्लास, 109 छात्रों ने लिया हिस्सा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, ऐनुल हयात ट्रस्ट लखनऊ और इमाम-ए-अस्त्र आर्गनाइजेशन मनियारपुर सुल्तानपुर की ओर से एक विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ईरान के हौजये इलमिया कुम के प्रोफेसर मौलाना अली अब्बास खान ने अध्यक्षता की। यह कार्यक्रम एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक चला। प्रतिदिन दो सत्र होते थे सुबह 9:00 से 10:15 बजे तक और शाम 7:15 से 8:45 बजे तक। हर सत्र की शुरूआत कुरआन पाक की तिलावत से होती थी। कक्षाओं में दीनी और दुनियावी शिक्षा पर विचार-विमर्श होता था। छात्रों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किए गए। मौलाना ने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया और इमाम-ए-जमाना के बारे में भी जानकारी दी कार्यक्रम में कुल 109 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों में जोहेब अब्बास और शोएब को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मौलाना आजम हुसैन, मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना हसन जाफर, एम एच खान गौरी एडवोकेट और डॉक्टर हैदर रजा जरगाम सुलतानपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह जानकारी हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान ने दी।

# बिजली विभाग पर पेट्रोल पंप मालिक का आरोप

**कनेक्शन काटकर केबल ले गए कर्मचारी, नई केबल लाने की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, लंभुआ में एक पेट्रोल पंप मालिक और बिजली विभाग के बीच विवाद सामने आया है। बीएन फिलिंग स्टेशन के मालिक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जितेंद्र का कहना है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान करते हैं। इसके बावजूद विभाग के कर्मचारियों ने न केवल कनेक्शन काट दिया, बल्कि केबल भी उठा ले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने बिल के अतिरिक्त पैसों की मांग की। पैसे न देने पर कनेक्शन काटने की धमकी दी। शिकायत के बाद कर्मचारी कनेक्शन जोड़ने तो आए, लेकिन पुरानी केबल नहीं लाए। उल्टे पेट्रोल पंप मालिक से नई केबल लाने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में लंभुआ के अधिशाषी अभियंता जगदीश पटेल का पक्ष अलग है। उनका कहना है कि समय पर बिल भुगतान न होने के कारण कनेक्शन काटा गया। संविदा कर्मी से काम कराने की जिद उन्होंने कहा कि लाइनमैन कनेक्शन जोड़ने गया था। लेकिन पेट्रोल पंप वालों ने संविदा कर्मी से ही काम कराने की जिद की। पटेल ने केबल ले जाने के आरोप को भी नकार दिया।



# भागवत कथा का आयोजन

**कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, 16 अप्रैल तक चलेगा धार्मिक कार्यक्रम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, अमेठी के जामो में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया है। कथा वाचक पंडित ब्रज बिहारी जी महाराज ने कलश यात्रा का नेतृत्व किया। कलश यात्रा जामो स्थित कथा स्थल से शुरू हुई।

यात्रा बुड़ेबाबा मंदिर और दुर्गा मंदिर से होकर गुजरी। भजन-कीर्तन और डीजे की धुनों के बीच पंडित जी रथ पर विराजमान थे। सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धालुओं के साथ यात्रा बाबा सिद्धादास धाम हरगांव पहुंची। वहां कुंड से जल भरकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा कथा स्थल वापस लौट आई। सात दिवसीय यह धार्मिक आयोजन 8 अप्रैल 2025 की शाम से शुरू होगा। 15 अप्रैल को हवन-पूजन का आयोजन होगा। कार्यक्रम का समापन 16 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ होगा। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है।

# एएमयू सिटी स्कूल में 1.28 करोड़ की स्टांप चोरी

**रजिस्ट्री के समय एक सड़क छिपाई, एडीएम सिटी की जांच में हुआ खुलासा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय के सिटी स्कूल में स्टांप चोरी का मामला सामने आया है। प्रशासन से हुई शिकायत के बाद इस मामले की जांच की गई, जिसमें सामने आया है कि कैंपस के पास की एक सड़क को छिपाकर रजिस्ट्री कराई गई है और रजिस्ट्री में स्टांप चोरी की गई है। प्रशासन की ओर से एडीएम फाइनेंस ने इस मामले की जांच की थी। जिसमें सारी बातें निकलकर सामने आई हैं। जांच पूरी होने के बाद प्रशासन की ओर से एएमयू को नोटिस जारी किया गया है और अपना पक्ष रखने के लिए एक सप्ताह का समय भी दिया गया है। हालांकि इस मामले में एएमयू का कहना है कि उनकी ओर से ऐसा कुछ नहीं हुआ है। अगर कोई शुल्क बाकी है तो उसे जमा किया जाएगा। एडीएम फाइनेंस की जांच में सामने आया है कि एएमयू के सिटी स्कूल के दोनों तरफ सड़कें हैं। यह स्कूल जीटी रोड पर बना हुआ है, जबकि इसके पीछे भी एक मुख्य मार्ग है। जिससे स्कूल का आवागमन किया जाता है। जब मामले की जांच की गई तो पता चला कि सिटी स्कूल की 3 साल पहले 2022 में कराई गई रजिस्ट्री में पीछे की सड़क का जिक्र नहीं किया गया था। जिसके कारण रजिस्ट्री में स्टांप शुल्क कम लगा। इस कारण सरकार को 1.28 करोड़ रुपए के राजस्व की हानि हुई है। इसके बाद अब एएमयू को नोटिस जारी किया गया है। एएमयू के सिटी स्कूल के लिए राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने 1929 में तहसील कोल के पास की अपनी 3.19 हेक्टेयर जमीन 90 साल के लिए लीज पर दी थी। यह जमीन दो हिस्से में थी। यूनिवर्सिटी ने इस जमीन के एक भाग 1.97 हेक्टेयर पर सिटी स्कूल बना लिया। जबकि बची हुई 1.21 हेक्टेयर जमीन पर खेल का मैदान बना लिया। सन 2019 में लीज खत्म हो गई थी। तब राजा महेंद्र प्रताप के वंशज और एएमयू में समझौता होने के बाद एएमयू ने 2022 में स्कूल वाले भूखंड 1.97 हेक्टेयर की रजिस्ट्री अपने पक्ष में कराई।

# आंगनबाड़ी कार्यकताओं का प्रशिक्षण

**बाल विकास और पोषण पर होगा फोकस, स्वास्थ्य सेवाओं की दी जानकारी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जिले के शाहगढ़ में समन्वित बाल विकास परियोजना कार्यालय में दो दिवसीय आंगनबाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 8 अप्रैल से शुरू हुआ है। कार्यक्रम में कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण का प्रमुख लक्ष्य आंगनबाड़ी कार्यकताओं को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराना है। कार्यक्रम में बच्चों के समग्र विकास और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यकताओं को स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। प्रशिक्षण में मिथिलेश, सुंदर पति, शांति, सावित्री, सुनीता यादव, सरोज देवी, बबीता सिंह और बबीता भारती सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकताओं उपस्थित हैं। यह प्रशिक्षण कार्यकताओं की क्षमता विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस प्रशिक्षण से कार्यकताओं को अपने कार्य में सुधार का अवसर मिलेगा। वे समुदाय के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने में योगदान कर सकेंगी। शाहगढ़ के बच्चों और समुदाय के स्वास्थ्य में इस प्रशिक्षण से सकारात्मक परिवर्तन की आशा है।



# अमेठी डिपो में एसी बसों की कमी

**यात्रियों को गर्मी में परेशानी, लखनऊ-दिल्ली रूट पर एसी बस की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, अमेठी रोडवेज डिपो में एसी बसों की कमी से यात्री परेशान हैं। डिपो को मिली 30 नई बीएस-6 बसों में एक भी एसी बस शामिल नहीं है। वर्तमान में डिपो में निगम की 59 और 3 अनुबंधित बसें हैं। 2024 की शुरूआत में डिपो को अन्य जिलों से चार एसी बसें मिली थीं। लेकिन ये सभी कंडम थीं और अक्सर रास्ते में खराब हो जाती थीं। इस कारण इन्हें वापस कर दिया गया। महाकुंभ से पहले करीब 20 एसी सिटी बसें मिलनी थीं, लेकिन केवल 12 साधारण बसें ही मिलीं। यात्री विवेक यादव ने बताया कि लखनऊ के लिए कम से कम दो एसी बसों की जरूरत है। वहीं यात्री अशोक शुक्ल ने दिल्ली रूट पर एसी बस की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट एसी बसों का किराया अधिक है। एआरएम काशी प्रसाद के अनुसार, अगले माह तक करीब 20 सिटी बसों के साथ जनरथ (एसी) बसों के मिलने की उम्मीद है। हालांकि वर्तमान में बसों की तुलना में चालक और परिचालकों की भी कमी है।

# दुकान से राधा रानी की प्रतिमा चोरी

**दुकानदार से कहा-भगवान की पोशाक दिखाओ और मौका पाकर हाथ साफ कर दिया, सीसीटीवी में कैद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, वृंदावन में चोरी की एक अजीब घटना सामने आई है। यहां एक महिला पूजा के सामान की दुकान पर ग्राहक बनकर आई और वहां मौका पाकर राधा रानी की प्रतिमा चोरी कर ली। दुकानदार को वारदात की जानकारी हुई तब तक महिला गायब हो चुकी थी। राधा रानी की प्रतिमा चोरी करने की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने इस मामले में पुलिस से शिकायत करने से इंकार कर दिया है। बांके बिहारी बाजार में जाहिद की भगवान के श्रृंगार, पोशाक की दुकान है। सोमवार को दुकान पर आम दिनों की तरह श्रद्धालुओं का आना जाना लगा था। ग्राहक भगवान के पूजा का सामान खरीद रहे थे। इसी दौरान एक महिला दुकान पर पहुंची और वहां पहले से खड़े ग्राहकों के साथ खड़ी हो गई। इसके बाद उसने दुकानदार से कहा कि उसे भगवान की पोशाक चाहिए। दुकानदार पोशाक देने के लिए मुड़ा तो इसी दौरान महिला ने बड़ी सफाई से वहां रखी 200 ग्राम पीतल की राधा रानी की प्रतिमा को चोरी कर लिया और कपड़ों में छिपा लिया। इसके बाद महिला बहाने बनाकर वहां से चली गई। महिला श्रद्धालु द्वारा चोरी की गई राधा रानी की प्रतिमा की जानकारी दुकानदार को उस समय हुई जब उसकी दुकान से अन्य ग्राहक चले गए। इसी दौरान जब उसकी राधा रानी की प्रतिमा पर नजर गई तो वह वहां नहीं थी। इसके बाद दुकानदार ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया जिसमें महिला श्रद्धालु राधा रानी की प्रतिमा को चोरी करती हुई दिखाई दी। सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे एक महिला दुकान में आती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।